




राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ








वर्ष 14, अंक 296 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | दुर्ग, बुधवार 03 सितंबर 2025 | www.samaydarshan.in


### प्रधानमंत्री ने दिल्ली से बिहार की जनता को वर्चुअली संबोधित किया

## कांग्रेस, आरजेडी ने मेरी मां को गाली दी:यह देश की हर मां का अपमान- पीएम मोदी



**पटना ( एजेंसी )।** बिहार के दरभंगा में 27 अगस्त को राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम मोदी की मां को गाली दी गई थी। 7वें दिन पीएम मोदी ने सामने आकर गाली देने का जवाब दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा- बिहार में कुछ दिन पहले जो कुछ हुआ उसकी मैंने कल्पना नहीं की थी। बिहार में कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गालियां दी गईं। ये गालियां सिर्फ मेरी मां का अपमान नहीं, ये देश की मां-बहन, बेटी का अपमान है। पीएम ने कहा- इस घटना की जितनी पीड़ा मेरे दिल में है, उतनी ही तकलीफमेरे बिहार के लोगों के दिल में भी है। मैं आपसे अपना दुख साझा कर रहा हूं, ताकि मैं इस पीड़ा को झेल पाऊं।

प्रधानमंत्री ने दिल्ली से बिहार की जनता को वर्चुअली संबोधित करते हुए यह बात कही। वे बिहार राज्य जीविका निधि शाखा सहकारी संघ लिमिटेड की शुरुआत के कार्यक्रम में जुड़े थे।

36 मिनट के संबोधन में पीएम ने कहा, 'मैं गरीब परिवार से हूं। समाज और देश की सेवा में लगा हूं। मैंने हर दिन हर क्षण अपने देश के लिए, देशवासियों के लिए मेहनत की। इसमें मेरी मां का आशीर्वाद, मेरी मां की बहुत बड़ी भूमिका थी। मुझे जन्म देने वाली मां ने मुझे अपने दायित्वों से मुक्त कर दिया था।'

मुझे आज इस बात की पीड़ा है। मां ने मुझे देश सेवा के लिए रवाना किया था। हर मां चाहती है कि बेटा बड़ा हो। मेरे लिए कुछ करे। मेरी मां ने ऐसा नहीं सोचा। उन्होंने मुझे आपके लिए भेजा।

मां का स्थान देवी-देवताओं से ऊपर माना जाता है। बिहार के ही संस्कार हैं। माई के स्थान देवता से भी ऊपर होवेला। काही के आपन बाल बच्चा खातिर ऊ कोनो देवी नियर पोल पास के बड़ा करेली...माई के बिना कोनो जिंदगी ना बनप सकेला।'

ये गालियां करोड़ों माताओं-बहनों को दी गईं। ये शाही खानदानों में पैदा हुए युवराज इस पीड़ा को नहीं समझ सकते हैं। ये नामदार लोग सोने-चांदी के चम्मच लेकर पैदा हुए हैं। गंदी नाली का कीड़ा, जहर वाला सांप, बिहार चुनाव में मुझे तू, तड़ाक कर के गाली देकर बोलते हैं। इनकी नामदार वाली सोच बार-बार उजागर होती है। इसी सोच से अब मेरी मां जिसका शरीर नहीं रहा। जिसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं। अपने मंच से गालियां दिलवा रहे हैं। आज से 20 दिन बाद नवरात्रि शुरू होगी, इसके बाद छठ मइया की पूजा होगी। छठ का पर्व मनाया जाएगा। भारत की धरती ने मां का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं किया है। मैं बिहार के लोगों से भी कहूंगा, इस अपमान की भरपाई बिहार के हर बेटे की जिम्मेदारी है। ऋछ्ष्ठ और कांग्रेस के नेता जहां भी जाएं, जिस गली में भी जाएं। उन्हें चारों तरफआवाज आनी चाहिए। कार्यक्रम में पीएम ने इस संस्था के बैंक खाते में 105 करोड़ रुपए की राशि भी ट्रांसफर की।

### हमने महिला सशक्तीकरण पर शुरू से जोर दिया- नीतिश

सीएम नीतीश ने कहा, 'जीविका निधि का शुभारंभ किया जा रहा है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करता हूं। इससे जीविका दीदी को राशि मिलने में सुविधा होगी।' 'राज्य सरकार ने इस काम के लिए 1000 करोड रुपए की स्वीकृति दी है। जिसमें से 105 हजार करोड़ की राशि जीविका दीदी के खाते में भेजी जा रही है।' मुख्यमंत्री ने कहा, '24 नवंबर 2005 को जब हमारी सरकार बनी तो महिलाओं के लिए काम हुआ। उसके पहले वालों ने कोई कुछ काम नहीं किया। हमने महिला सशक्तीकरण पर शुरू से जोर दिया। साल 2013 से पुलिस में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। 2006 में हमने विश्व बैंक से लोन लेकर स्वंय सहायता समूह का गठन किया जिसका नाम हमने जीविका दिया।'

### पीएम ने पहले स्वदेशी 32-बिट माइक्रोचिप विक्रम का किया अनावरण

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सेमीकॉन इंडिया 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारत के पहले स्वदेशी 32-बिट माइक्रोचिप विक्रम का अनावरण किया है। इस अवसर पर केंद्रीय आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री को विक्रम प्रोसेसर और परीक्षण चिप्स सौंपे। यह प्रोसेसर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला द्वारा विकसित किया गया है। इसकी तैनाती अंतरिक्ष लॉन्च व्हीकल के चुनौतीपूर्ण वातावरण में की जाएगी, जो भारत की सेमीकंडक्टर क्षमता की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। विक्रम प्रोसेसर पूरी तरह स्वदेशी रूप से बनाया गया 32-बिट माइक्रोचिप है। इसे अंतरिक्ष यान में उपयोग के लिए परीक्षण और मंजूरी मिल चुकी है। इसकी डिजाइन और निर्माण भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम है। इस परियोजना के साथ ही चिप्स टू स्टार्टअप पहल के तहत छात्रों द्वारा बनाए गए 28 चिप्स को भी मोहाली सेमीकंडक्टर फैक्ट्री में निर्मित और पैक किया गया है, जो देश के युवाओं की तकनीकी क्षमता को दर्शाता है।

## राहुल गांधी पप्पू नहीं, बल्कि सोची-समझी साजिश का हिस्सा हैं: रिजिजू



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पप्पू नहीं हैं और दावा किया कि वह राष्ट्र विरोधी ताकतों की सोची-समझी साजिश का हिस्सा हैं. पप्पू 2014 के लोकसभा चुनावों के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी का उपनाम बन गया था.

रिजिजू की यह टिप्पणी उस समय आई जब उनसे पूछा गया कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष चुनाव आयोग द्वारा बिहार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध क्यों कर रहा था और संसद के हाल ही में समाप्त हुए मानसून सत्र के दौरान हर दिन हंगामा क्यों कर रहा था. वह मूर्खतापूर्ण काम नहीं कर रहे हैं. ये सब एक सोची-समझी साज़िश का हिस्सा हैं. लोग राहुल गांधी को पप्पू कहते हैं. हम नहीं कहते हैं. अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ सचिवों, यानी कांग्रेस सदस्यों ने ही उन्हें यह नाम दिया था. मुझे नहीं लगता कि वह मूर्ख हैं. केंद्रीय मंत्री ने कहा, राष्ट्र-विरोधी ताकतों और वामपंथियों ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी को न्यायपालिका और चुनाव आयोग पर हमला करने और केंद्र पर वोट चोरी का आरोप लगाने के लिए उकसाया है. उन्होंने कहा, विपक्षी नेता गांधी यह जानते हैं. वह कोई बच्चे नहीं हैं. वह जानते हैं कि वह एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा हैं. हालांकि, केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में कोई भी देश के विकास को बाधित नहीं कर सकता. उन्होंने कहा, देशवासी प्रधानमंत्री के पीछे मजबूती से खड़े हैं क्योंकि उनके नेतृत्व में राष्ट्र प्रगति कर रहा है. जनता जानती है कि अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने वाले देश का नेतृत्व नहीं कर सकते. यह पहली बार नहीं है जब रिजिजू ने कहा है कि यह भाजपा नहीं थी जिसने नेता प्रतिपक्ष गांधी को पप्पू उपनाम दिया था. पिछले साल सितंबर में कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने टेक्सास में लोगों को इस टैग की याद दिलाई थी. रिजिजू कहा, राहुल गांधी का एजेंडा कुछ बड़े मुद्दों को संबोधित करना है. उनके पास एक ऐसा विजन है जो करोड़ों रुपये खर्च करके भाजपा द्वारा प्रचारित किए जाने वाले विजन के विपरीत है. उन्होंने कहा था, मैं आपको बता दूं कि वह पप्पू नहीं हैं, वह उच्च शिक्षित हैं, वह किसी भी विषय पर गहरी सोच रखने वाले रणनीतिकार हैं.

## पूर्व सीएम केसीआर की बेटी कविता पार्टी से निलंबित

### बीआरएस ने 'दल विरोधी गतिविधियों' का आरोप लगाया



**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने मंगलवार को विधान परिषद की सदस्य (एमएलसी) के कविता को पार्टी से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह फैसला पार्टी के प्रमुख और कविता के पिता पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने लिया है। उन्होंने कविता की पार्टी के खिलाफ हालिया टिप्पणियों और गतिविधियों को अनुशासनात्मक कार्रवाई का कारण बताया है। उनका कहना है कि उनके बयान पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों के विरुद्ध थीं।

पार्टी के महासचिव टी रविंदर राव और अनुशासनात्मक मामलों के प्रभारी सोमा भरत कुमार की ओर से जारी पत्र में लिखा गया है, पार्टी एमएलसी के कविता के हालिया व्यवहार और चल रही पार्टी विरोधी गतिविधियों से बीआरएस पार्टी को नुकसान हो रहा है। इसलिए पार्टी नेतृत्व इस मामले को गंभीरता से ले रहा है। पार्टी अध्यक्ष के.चंद्रशेखर राव ने के.कविता को तत्काल पार्टी से निलंबित करने का निर्णय लिया है।

तेलंगाना में सत्ता गंवाने के बाद से बीआरएस आंतरिक चुनौतियों से जूझ रही है। पिछले दिनों कविता अमेरिका यात्रा पर थीं, तभी उनको हटाकर पूर्व मंत्री कोप्पुला ईश्वर को कोयला खदान श्रमिकों के ट्रेड यूनियन तेलंगाना बोग्गू गनी कार्मिक संघम का मानद अध्यक्ष बनाया गया। इस बीच उनका पिता को लिखा एक पत्र लीक हो गया। एक दिन पहले उन्होंने अपने चचेरे भाई और बीआरएस नेताओं टी हरीश राव और जे संतोष कुमार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था।

## चुनाव आयोग ने पवन खेड़ा को भेजा नोटिस; दो EPIC नंबर मामले में कार्रवाई

### भाजपा ने लगाए थे गंभीर आरोप



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के दो पहचान पत्र नंबर को लेकर अब उनकी मुसीबतें बढ़ने वाली हैं। इस मामले में चुनाव आयोग ने उन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। नई दिल्ली के जिला निर्वाचन कार्यालय ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में अपना पंजीकरण कराने के लिए नोटिस भेजा है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी नोटिस में इस मामले में खेड़ा से जवाब मांगा गया है। निर्वाचन अधिकारी ने उनको 8 सितंबर को सुबह 11 बजे तक का समय दिया है।

जारी नोटिस में जिला निर्वाचन अधिकारी के हवाले से कहा गया है, 'मेरे संज्ञान में लाया गया है कि आपने अपना नाम एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में पंजीकृत कराया है। जैसा कि आप जानते होंगे कि एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में पंजीकृत होना जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के तहत दंडनीय अपराध है।

इसलिए आपको निर्देश दिया जाता है कि आप कारण बताएं कि उक्त अधिनियम के तहत आपके खिलाफकार्रवाई क्यों न की जाए।' बता दें कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने वोट चोरी पर कांग्रेस पर पलटवार करते हुए पवन खेड़ा पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने दावा किया था कि पवन खेड़ा ने दो निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में अपना पंजीकरण करा रखा है। उन्होंने खेड़ा के दो पहचान पत्र नंबर भी साझा किए थे। इनमें एक नंबर जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र में है और दूसरा नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में, जो क्रमश: पूर्वी दिल्ली और नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आते हैं।

### कांग्रेस बड़ी वोट चोर, खेड़ो के दो ईपीआईसी नंबरों की जांच करे आयोग: मलवीय

भाजपा नेता अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पोस्ट कर कहा, कांग्रेस बड़ी वोट चोर है। इसीलिए इसके नेता सभी को एक ही ब्रश से कलंकित करना चाहते हैं। उन्होंने वोट चोरी के आरोपों को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधा और मांग की कि चुनाव आयोग इस बात की जांच करे कि खेड़ा के पास दो सक्रिय ईपीआईसी नंबर कैसे हैं। इसकी जांच होनी चाहिए कि क्या उन्होंने कई बार मतदान किया, जो चुनावी कानूनों का स्पष्ट उल्लंघन है।

### खेड़ा ने किया भाजपा पर पलटवार

वहीं, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भी इन आरोपों को लेकर भाजपा पर पलटवार किया। खेड़ा ने कहा कि भाजपा ने उन्हें और उनकी पार्टी को निशाना बनाने के फेर में चुनाव आयोग (ईसी) का ही पर्दाफाश किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि अपने सुबह-सुबह के स्टंट से भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने स्वीकार किया है कि चुनाव आयोग मतदाता सूची की शुद्धता बनाए रखने में विफल रहा है।

## पापा, मैं ठीक हो जाऊंगी ना? दिल की बीमारी से जूझ रही मासूम शांभवी गुरला का सवाल

### रायपुर के एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में होगा रियूमेटिक हार्ट डिजीज (आरएचडी) का इलाज



**रायपुर (समय दर्शन)।** बीजापुर जिले भोपालपटनम ब्लॉक के वरदली गांव की 7वीं कक्षा में पढ़ने वाली 11 वर्षीय शांभवी गुरला की मासूम आंखों में एक ही सवाल था- पापा, मुझे क्या हुआ है, मैं ठीक हो जाऊंगी ना?

खेती-किसानी कर परिवार का गुजारा करने वाले उसके पिता इस सवाल पर अक्सर चुप हो जाते थे। तीन महीने पहले जिला अस्पताल बीजापुर में जब डॉक्टरों ने बताया कि शांभवी को रियूमेटिक हार्ट डिजीज (ऋ्र्रष्ठ) है, तो पिता के पांव तले जमीन खिसक गई। डॉक्टरों ने रायपुर में इलाज कराने की बात कही, लेकिन परिवार को लगा कि रायपुर में इलाज में तो बहुत ज्यादा खर्च लगता होगा, ये सोच कर परिवार की उम्मीदें टूटने लगीं।

घर में हर रोज यही चर्चा होती- अब क्या होगा? हम अपनी बेटी का इलाज कैसे कराएंगे? मां रोती और शांभवी को सीने से लगाकर कहती- ÷बेटा, सब ठीक होगा।÷ लेकिन उसके पिता की आंखों में चिंता साफ झलकती थी।

आखिरकार उन्होंने हिम्मत जुटाई और बेटी को लेकर सीधे स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के पास पहुंचे। स्वास्थ्य मंत्री ने बच्ची से मुलाकात की और तुरंत ही रायपुर के एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में डॉ. स्मित श्रीवास्तव से बात की। स्वास्थ्य मंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज तुरंत शुरू किया जाए। खर्च की चिंता मत करें, सरकार पूरी जिम्मेदारी लेगी।

स्वास्थ्य मंत्री की यह बात सुनते ही शांभवी की मां की आंखों से आंसू बह निकले। उन्होंने कांपती आवाज़ में कहा- ÷मंत्री जी, आप हमारी बेटी को नया जीवन दे रहे हैं। आप हमारे लिए किसी डाक्टर से कम नहीं।÷ स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर शांभवी को इलाज के लिए एसीआई रायपुर में लाया गया है। यहां डॉक्टरों की टीम उसकी जांच करेगी और उसका इलाज शुरू करेगी। गौरतलब है कि सरकार का यह कदम सिर्फ एक बच्ची के लिए नहीं, बल्कि राज्य के हर एक गरीब परिवार के लिए भरोसे का संदेश है।

अब माता पिता के चेहरे पर खुशी के भाव देखकर आज शांभवी भी मुस्कुरा रही है और पिता से बार-बार पूछती है- ÷पापा, मैं जल्दी खेल पाऊंगी ना?÷ और इस बार पिता की आंखों में आंसू नहीं, बल्कि उम्मीद की चमक है।

### मराठा आरक्षण आंदोलन खत्म

## मनोज जरांगे ने तोड़ा अनशन, बोले- आज हमारे लिए दिवाली



**मुंबई ( एजेंसी )।** मराठा आरक्षण आंदोलन में मनोज जरांगे ने पांच दिन के अनशन के बाद जीत का एलान किया और कहा कि सरकार ने उनकी मांगें मान ली हैं। जरांगे ने सरकार को दो महीने का समय दिया है कि मराठा और कुनबी को एक ही समुदाय मानते हुए जीआर जारी करे। जरांगे ने बताया कि सरकार ने आंदोलन में जान गंवाने वाले परिवारों को मुआवजा और प्रदर्शनकारियों पर दर्ज केस वापस लेने का वादा भी किया है। आंदोलन के नेता मनोज जरांगे पाटिल ने अनशन खत्म करने के बाद कहा कि आज हमारे लिए दिवाली है, हमें जो चाहिए था, वह मिल गया। सरकार की ओर से जारी सरकारी आदेश (जीआर) स्वीकार करते हुए उन्होंने भावुक होकर उपवास तोड़ दिया। राज्य सरकार की कैबिनेट उपसमिति के प्रमुख राधाकृष्ण विखे पाटिल ने जरांगे का आभार व्यक्त किया और कहा कि सरकार मराठा समाज को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपसमिति ने हैदराबाद गजट लागू करने और कुनबी प्रमाणपत्र देने पर सहमति जताई है। इस फैसले के बाद आंदोलनकारी खुश नजर आए और माहौल में उत्सव जैसी स्थिति दिखी। आंदोलनकारी नेता मनोज जरांगे पाटिल ने एलान किया कि राज्य सरकार अब राजपत्र के जरिए मराठाओं को कुनबी मान्यता देने पर सहमत हो गई है। सरकार इस फैसले पर जीआर (सरकारी आदेश) जारी कर दिया है। जरांगे ने कहा कि हम जीत गए। इसके बाद उन्होंने मुंबई छोड़ने का फैसला लिया। पुणे में महाराष्ट्र सरकार के मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि महायुति सरकार ने मराठा समाज को मजबूत करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र निर्माण से अब तक आर्थिक और सामाजिक सर्वेक्षण के आधार पर जितना काम होना चाहिए था, उतना हमारी सरकार ने किया है। बावनकुले ने दावा किया कि पिछली किसी भी सरकार ने मराठा समाज के लिए इतना ठोस काम नहीं किया जितना मौजूदा सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से किया है।

### जीत के नारों से गूंजा आजाद मैदान

मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे पाटिल ने सरकार की ओर से ज्यादातर मांगें मान लेने के बाद विजय की घोषणा की। जैसे ही उन्होंने समर्थकों से कहा कि हम जीत गए दोस्तों हजारों की भीड़ खुशी से झूम उठी। कैबिनेट उपसमिति के प्रमुख मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने जरांगे से मुलाकात कर ड्राफ्ट सौंपा। समिति ने हैदराबाद गजट लागू करने और जिन मराठाओं के पास कुनबी का रिकॉर्ड है, उन्हें जांच के बाद प्रमाणपत्र देने पर सहमति जताई। इसके तुरंत बाद जीआर जारी करने का आश्वासन दिया गया।

## जर्मन विदेश मंत्री दो दिवसीय दौरे पर बेंगलुरु पहुंचे, वैश्विक मंच पर भारत का महत्व बताया



**बेंगलुरु ( एजेंसी )।** जर्मन संघीय विदेश मंत्री जोहान डेविड वाडेफुल भारत की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा शुरू करने के लिए मंगलवार सुबह बेंगलुरु पहुंचे. विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार यह यात्रा 2 से 3 सितंबर तक होगी.

वह दिन में दिल्ली रवाना होने से पहले भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का दौरा करेंगे. वाडेफुल बुधवार को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से भेंट करेंगे. उसके बाद नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात करेंगे. उसी दिन वह देश से रवाना हो जाएंगे.

अपनी यात्रा से पहले जर्मन विदेश मंत्री ने भारत-प्रशांत क्षेत्र और वैश्विक मंच पर एक प्रमुख भागीदार के रूप में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया. एक्स पर पोस्ट की एक श्रृंखला में वाडेफुल ने जर्मनी और भारत के बीच घनिष्ठ राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों पर जोर दिया.

उन्होंने सुरक्षा सहयोग, नवाचार, प्रौद्योगिकी और कुशल कार्यबल भर्ती जैसे क्षेत्रों को द्विपक्षीय संबंधों के प्रमुख स्तंभों के रूप में रेखांकित किया. उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश और सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत की आवाज रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र से परे भी सुनी जाती है. इसीलिए वह वार्ता के लिए बेंगलुरु पहुंचे.

वाडेफुल ने जर्मनी और भारत जैसे लोकतंत्रों के बीच स्वत- संबंधों पर भी जोर दिया. उन्होंने कहा, भारत हमारी सदी की अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाता है. हम लोकतंत्र के रूप में इसमें स्वाभाविक भागीदार हैं. विशाल भू-राजनीतिक चुनौतियों को देखते हुए हम चाहते हैं और हमें मिलकर नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखना चाहिए.

यह यात्रा पिछले महीने नई दिल्ली में जयशंकर की जर्मन सांसद जुर्गन हार्ड्ट के साथ बैठक के बाद हो रही है, जहां दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों और वैश्विक विकास पर चर्चा की थी.

## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों को नशा से दूर रहने व मोबाईल नही चलाने की सलाह दी पुलिस निरीक्षक जयकुमार साहू



**जांजगीर बिर्रा,//समय दर्शन //.** जय कुमार साहू ने प्री मेट्रिक अनुसुचित जाति जनजाति बालक/बालिका छात्रावास बिर्रा में आयोजित नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत् नशा मुक्त अभियान में मुख्य अतिथि पुलिस निरीक्षक जयकुमार साहू ने सभी बालक बालिका को संबोधित करते हुए कहा कि? नशामुक्त भारत पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत् नशामुक्त अभियान के तहत् बच्चों को नशामुक्त से हमेशा दूर रहना चाहिए ताकि बच्चों के व्दारा कोई भी नशीली पेय पदार्थ का सेवन नहीं करना चाहिए अगर समय पर बच्चों ने नशा के प्रति जागरूक नहीं हुआ तो बच्चों का भविष्य खतरा मे पड़ सकता है और जीवन? भी बर्बाद हो जाएगा ऐसे में बच्चों को सलाह दी कि कभी भी बच्चों को नशा नहीं करना चाहिए और नशा करने वाले से दोस्ती भी नहीं करना चाहिए ताकि नशा से मुक्ति मिल सके वहीं बच्चों को कभी भी मोबाईल से दूर रखना चाहिए ताकि बच्चों के व्दारा मोबाइल से आज गलत संपर्क में आकर बच्चे तरह तरह की कानूनी दांव पेंच से बचना चाहिए इसलिए छात्राओं को मोबाइल की लत से दूर रहना चाहिए। वहीं अधीक्षक कृष्ण कुमार राज ने बताया कि बच्चों को हमेशा मोबाइल से दूर रहने की बात कही। ताकि बच्चे मोबाइल की लत से छूटकारा मिलने से बच्चों का भविष्य संवर सकता है। इस मौके पर अधीक्षक नीलकंठ कहार अधीक्षिका अनिता राज प्रधान आरक्षक संजय उजिर अनिल अजगले आरक्षक लक्ष्मी कश्यप रघुवीर यादव सोनहत जगत महिला आरक्षक मंजू मिरी के अलावा पुलिस के स्टाफ उपस्थित थे।

### मोहम्मद साहब के पंद्रह सौवा वर्ष पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी मुस्लिम समाज एसपी के हाथों युवकों का होगा सम्मान

**जांजगीर चांपा /समय दर्शन /** इस्लाम धर्म के प्रवर्तक पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के पंद्रह सौवा पैदाइश दिवस 5 सितंबर शुक्रवार को उल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए मुस्लिम जमात नैला के कार्यकारी अध्यक्ष रफीक सिद्धिकी ने बताया कि मोहम्मद साहब के उपलक्ष्य में मुस्लिम समाज नैला जांजगीर द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है । उन्होने आगे बताया कि 3 सितंबर बुधवार को नैला स्थित मुस्लिम सामुदायिक भवन में युवकों द्वारा रक्तदान शिविर तथा स्वास्थ्य परीक्षण रखा गया है । रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले युवकों का सम्मान दोपहर 2 बजे जांजगीर चांपा के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के हाथों किया जावेगा। साथ ही इसी दिन शाम को बच्चों का नाथखानी का प्रोग्राम भी आयोजित है । 4 सितंबर गुरूवार को रात्री 8 बजे से आम लंगर व रात्री 10 बजे मस्जिद में ( प्रवचन ) तकरीर आयोजित है । 5 सितंबर शुक्रवार को प्रात: 9 बजे नैला मस्जिद के पास से मोटर साइकिल रैली निकलेगी जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुरानी बस्ती नैला में समाप्त होगी । इसी दिन दोपहर शुक्रवार नमाज के बाद मस्जिदों में परचम कुसाई ( ध्वजारोहण ) किया जाएगा। इसी दिवस दोपहर 3 बजे नैला मस्जिद के पास से पैदल जुलूस आरंभ होगी जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए नैला मस्जिद के पास शीरनी (प्रसाद) वितरण के साथ समाप्त होगी । आयोजित कार्यक्रमों में तय वक्त पर जमात के लोगों से भाग लेने की अपील हाजी अहमद सलाम खान सदर ने की है ।

### जुआ खेल रहे पांच जुआरी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शहर की सरकंडा थाना पुलिस ने तास पत्ती से रूपये पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से 11280 रू नगदी रकम एवं ताशपत्ती जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 31.08.2025 के रात्रि सूचना मिली कि ग्राम बैमा नया ताबाल के पास शेड के नीचे स्ट्रीट के नीचे कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर 52 पत्ती ताश से काटपत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं, मुखबीर के उक्त सूचना के संबंध में तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर रेड कार्यवाही किया गया जहां मौके पर से कुछ जुआड़ियान भाग निकले एवं जुआड़ियान नरेश साहू, अरेन साहू, जागेश्वर यादव, दिलीप सूर्यवंशी, एवं संजू यादव को पकड़ा गया जिनके पड़ एवं पास की तलाशी पर कुल 11280 रू. नगद एवं 52 पत्ती ताश, बरामद हुआ जिसे विधिवत् जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत् वैधानिक कार्यवाही किया गया है।

# ''सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा'' विषय पर जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**मुंगेली( समय दर्शन )** राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण मुंगेली के अध्यक्ष कुन्दन कुमार तथा सीईओ जिला पंचायत प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में ''सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा'' विषय पर जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता की शुरुआत 15 अगस्त को विद्यालय स्तर पर हुई थी, जिसके पश्चात 23 अगस्त को विकासखंड स्तर और 30 अगस्त को जिला स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सार्वजनिक जीवन में नियमों के पालन का महत्व समझाना था। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुंगेली, लोरमी एवं पथरिया विकासखंडों से चयनित 90 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुआ।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी सी.के.घृतलहरे ने कहा कि यातायात नियम सड़क सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण होता है। हम सभी को यातायात नियमों का पालन करना चाहिये। उन्होंने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम को सफल करने हेतु किये गये प्रयासों के लिए उत्साहवर्धन करते हुए सभी को शुभकामनाये दी और आगे जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले टीमों को बेहतर करने हेतु प्रेरित किया। निर्णायक मण्डल से वरिष्ठ नागरिक डी. के. सोलंकी ने कहा कि जीवन को सुरक्षित रखने के लिए यातायात के नियमों का पालन करते हुए सामान्य गति में गाड़ियों का उपयोग करते हुए जीवन को सुरक्षित रखा जा सकता है।

यातायात विभाग से यशवंत सिंह ने यातायात के नियम पर प्रकाश डालते हुए गाड़ी चलाते समय मद्यपान एवं मोबाईल का उपयोग नहीं करने की सलाह दी। साथ ही यातायात संबंधी धारा एवं नियमों की जानकारियां दी। शिक्षक रामपाल सिंह ठाकुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि है असफल होने वाले छात्र हारते नहीं, बल्कि और सीखते है। असफल छात्रों को और अधिक मन लगाकर प्रयास करना चाहिए। रामनाथ गुप्ता, जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता मिशन ने उल्लास साक्षरता से जुड़कर बोर्ड परीक्षा के छात्र 10 बोनस अंक प्राप्त करने हेतु प्रयास करने प्रोत्साहित किया। अतिथियों द्वारा सभी को उल्लास शपथ दिलाया गया।

जिला स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पक्ष में क्लब संकुल पंडरभट्ठा एवं विपक्ष में पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम दाऊपारा, द्वितीय स्थान पक्ष में पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम दाऊपारा एवं विपक्ष में क्लब संकुल पंडरभट्ठा तथा तृतीय पुरस्कार पक्ष एवं विपक्ष दोनों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर ने प्राप्त किया, जिन्हें क्रमश: 07 हजार, 05 हजार एवं 03 हजार रूपए प्रदान किया गया। साथ ही 05 स्कूलों को सांत्वना पुरस्कार 02-02 हजार रुपए दिया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को राज्य स्तर से प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों, निर्णायक, शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं को उल्लास शपथ दिलाकर उल्लास कार्यक्रम से जोड़कर बोर्ड की कक्षाओं में 10 बोनस अंक प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान व्याख्याता संजय सोनी एवं डॉ. पूर्णिमा मिश्रा प्राचार्य, शा. उ. मा. वि. फास्टरपुर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# थाना हसौद में शांति समिति की बैठक संपन्न, सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील



**सक्ती ( समय दर्शन )।** हसौद:आगामी गणेश विसर्जन एवं मिलाद-उन-नबी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को, जिला सक्ती के हसौद थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी हसौद नरेंद्र यादव द्वारा की गई।

इस बैठक में क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि, डीजे संचालक, गणेश समिति के सदस्यगण एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे। थाना प्रभारी ने सभी समुदायों से अपील की कि वे त्योहारों को आपसी भाईचारे एवं शांति के साथ मनाएं तथा प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना से बचना चाहिए और विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस या प्रशासन से संपर्क किया जाए।

बैठक में विधिक साक्षरता अभियान के अंतर्गत श्रीमती शांति कुर्रे द्वारा उपस्थितजनों को कानून संबंधी आवश्यक जानकारियाँ भी प्रदान की गईं। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक आयोजनों, डीजे संचालन एवं जुलूसों के लिए निर्धारित नियमों का पालन करना आवश्यक है, ताकि कोई विधिक बाधा उत्पन्न न हो।

बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें सभी उपस्थितजनों ने यह संकल्प लिया कि वे दोनों पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने में प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे।

उक्त बैठक में प्रमुख रूप से जनपद सदस्य हसौद विजय केशी उमाशंकर बर्मन सरपंच गुड़रुकला दीपक मधुकर सरपंच प्रतिनिधि धमनी वरिष्ठ पत्रकार मुस्ताक कुरैशी रवि कुमार खटर्जी प्रेम दास महंत चंद्रशेखर निराला नीरज महंत विवेक बघेल ब्रिज राम पटेल चेतन प्रसाद साहू शिवम जायसवाल हरनारायण साहू चंद्रहास निराला अमरपाल खटर्जी राजू साहू धरमलाल चंद्रा सूरज केवट पुष्पेंद्र साहू राजू केवट सहित गढ़मान्य नागरिक उपस्थित रहे

# डिजिटल लाइब्रेरी से जुड़े विद्यार्थी - ओरिएंटेशन दिवस में उमंग




**नवागढ़ //समय दर्शन //:** पं. जवाहरलाल नेहरु महाविद्यालय के तत्वावधान में दिनांक 1 सितंबर 2025 को पुस्तकालय अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के संचालक श्री डॉ. विनोद अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. राजेश शर्मा के द्वारा मां सरस्वती जी के तैलचित्र पर पुष्प व श्रीफल अर्पित कर किया गया। पुस्तकालयाध्यक्ष ने छात्रों को एन.डी.एल.आई. के महत्व, उपयोगिता एवं पंजीयन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ह्ष्स्ध्ठ एक राष्ट्रीय स्तर का डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है, जहाँ विद्यार्थियों को लाखों ई-पुस्तकें, शोध-पत्र, प्रश्न-पत्र और अन्य अध्ययन सामग्री नि:शुल्क उपलब्ध होती हैं। इस अवसर पर पुस्तकालय भ्रमण भी कराया गया, जिसमें छात्रों को पुस्तकों के वर्गीकरण, ई-रिसोर्सेज़, ओपन एक्सेस सामग्री और सदस्यता प्रक्रिया से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों ने पंजीयन कराया और डिजिटल लाइब्रेरी के उपयोग हेतु उत्साह दिखाया। साथ ही सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक पुस्तके देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का कुशल संचालन सुश्री रजनी साहू (पुस्तकालयाध्यक्ष) के द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के उपप्राचार्या सुश्री नेहा मिश्रा, आइक्यूएसी प्रभारी श्री तेरस दिनकर, सहायक प्राध्यापकगण सुश्री मालती बंजारे, सुश्री यशोदा शांते, श्रीमती प्रीति देवांगन, श्रीमती लक्ष्मी, सुश्री कविता, श्री अनुभव साहू, श्री सतीश दास महंत, श्री अखेंद्र जांगड़े, श्री आलोक चंद्रा, श्री दीपक चंद्रा, श्री जोहित कश्यप, श्री शिवरात्रि साहू, श्री आरथो , श्री कमल प्रसाद , श्री सुदर्शन साहू, श्री विकास विश्वकर्मा एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राओं बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## सैमसंग ने भारत में लॉन्च किया गैलेक्सी टैब एक्टिव5 : एंटरप्राइज वर्कफोर्स के लिए एक मजबूत, 5G-इनेबल्ड टैबलेट

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग, ने आज देश में गैलेक्सी टैब एक्टिव5 एंटरप्राइज एडिशन के लॉन्च की घोषणा की। यह एक मजबूत, एंटरप्राइज-रेडी टैबलेट है, जो बेहद व्यस्त माहौल में काम करने वाले व्यवसायों और पेशेवरों को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। फरवरी 2024 में एक्सकवर7 रग्ड स्मार्टफोन के सफल लॉन्च के बाद, भारत में गैलेक्सी टैब एक्टिव5 एंटरप्राइज एडिशन अपनी बेहतर प्रदर्शन क्षमता के साथ रक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा, लॉजिस्टिक्स, विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा, रिटेल और सेवा जैसे कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करेगा। सबसे कठिन कामकाजी परिस्थितियों के लिए बनाया गया गैलेक्सी टैब एक्टिव5 एंटरप्राइज एडिशन में 120H5 की रिफ्रेश रेट के साथ 8.0-इंच (20.32 सेमी) का हाई-रेजोल्यूशन डिस्प्ले है। यह ऑक्टा-कोर प्रोसेसर से चलता है, जो सहज मल्टीटास्किंग और उच्च-तीव्रता वाले वर्कलोड के लिए उपयुक्त है। यह टैबलेट 6GB/128GB और 8GB/256GB की वैरिएबल मेमोरी विकल्पों के साथ उपलब्ध है। डिस्प्ले को शानदार आउटडोर विजिबिलिटी के लिए अनुकूलित किया गया है, जो भारत की विविध जलवायु परिस्थितियों के लिए एक महत्वपूर्ण लाभ है। सैमसंग इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट, एंटरप्राइज बिजनेस, पुनीत सेठी ने कहा, सैमसंग में, हम भारत में अपनी यात्रा को देश की आकांक्षाओं के साथ जोड़कर देखते हैं। मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया के अगले चरण से प्रेरित होकर, हम भारतीय कर्मचारियों को आज की जरूरतों और भविष्य के अवसरों के लिए सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा हर कदम भारत में निर्मित, भारत के लिए निर्मित और हमारे ग्राहकों की खास जरूरतों और जीवनशैली के मुताबिक बनाए गए उत्पादों से प्रेरित है। यह सिर्फ निर्माण नहीं, बल्कि भारत की भाषा में तकनीक को ढालने का हमारा वादा है।'' इसके अलावा, टैब में पूरे दिन चलने वाली बदली जा सकने वाली बैटरी और नो-बैटरी मोड है, जो पावर सोर्स से जुड़े रहने पर निरंतर उपयोग के लिए आदर्श है। यह वाहन स्वचालन, सार्वजनिक सुरक्षा, रक्षा, रिटेल कियोस्क, फैक्ट्री फ्लोर, लॉजिस्टिक्स हब और ग्रामीण क्षेत्रों की यात्राओं के लिए उपयुक्त है। एंटरप्राइज एडिशन में उद्योग-अग्रणी 36 महीने की वारंटी (बैटरी पर 12 महीने) शामिल है और यह एंड्रॉयड 15 के साथ प्री-लोडेड है, जिसमें 7 साल तक ऑपरेटिंग सिस्टम अपग्रेड सपोर्ट (संस्करण 21 तक) है। सैमसंग इस श्रेणी में 36 महीने की वारंटी देने वाले कुछ ब्रांड्स में से एक है। जल्द ही एक्सटेंडेड वारंटी और एडीएलडी प्लांस उपलब्ध होंगे।

## होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया ने अगस्त 2025 में 5 .34 लाख यूनिट्स की बिक्री के साथ तेजी से बढ़त बनाई

**गुरुग्राम:** होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया (HMSI) ने अगस्त 2025 में कुल 5,34,861 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की। इसमें 4,81,021 यूनिट्स घरेलू बिक्री में और 53,840 यूनिट्स निर्यात में शामिल हैं। एचएमएसआई ने जुलाई 2025 की तुलना में कुल बिक्री में 4% मासिक वृद्धि (MOM) भी दर्ज की। वित्तीय वर्ष 26 (अप्रैल-अगस्त 2025) की वर्ष-से-तारीख़ (YTD) अवधि में, एचएमएसआई ने कुल 24,22,880 यूनिट्स की बिक्री की, जिसमें 21,73,834 यूनिट्स घरेलू बिक्री और 2,49,046 यूनिट्स निर्यात में शामिल हैं।

एचएमएसआई के 2025 अगस्त माह के मुख्य आकर्षण: सड़क सुरक्षा: एचएमएसआई ने सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए देश के 12 नगरों में जागरूकता अभियान आयोजित किए, जिनमें भिवाड़ी, प्रयागराज, नयागढ़, बुंदौन, अकोला, वारंगल, नंदुरबार, बेंगलुरु, तिरुचिरापल्ली, गांधीनगर, जोधपुर और भटिंडा शामिल हैं। इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य युवाओं को जिम्मेदार सड़क व्यवहार और सुरक्षित वाहन चलाने की आदतों के प्रति जागरूक करना था। अपने प्रयासों को और मजबूत करते हुए, एचएमएसआई ने रांची में अपने सुरक्षा ड्राइविंग शिक्षा केंद्र (SDEC) की छठी वर्षगांठ मनाई।

## राष्ट्रीय न्यूट्रिशन माह बादाम बढ़ाते हैं आपकी दैनिक न्यूट्रिशन क्षमता

**रायपुर।** अच्छे स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार बेहद जरूरी है। इस साल के पोषणमाह की थीम, भोजन हमें जोड़ता है, यह दर्शाती है कि भोजन सिर्फ शरीर केलिए नहीं, बल्कि हमारे रिश्तों के लिए भी अहम है। दिन की शुरुआत पोषण से भरपूर चीज़ों जैसे बादाम, फल, और साबुतअनाज से करें। इससे ऊर्जा मिलती है और पूरा दिन चुस्ती बनी रहती है।कैलिफ़ोर्निया बादाम में ज़िंक, मैग्नीशियम, आयरन और विटामिन ई सहित15 ज़रूरी पोषक तत्व होते हैं, जो आपकी सेहत को रोज़ाना मजबूत बनाने मेंमदद करते हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ङ्क राष्ट्रीय पोषणसंस्थान (आईसीएमआर-एनआईएन) ने भी भारतीयों के लिए नए आहारदिशानिर्देश जारी किए हैं। इन दिशानिर्देशों में बादाम को ऐसा मेवा बतायागया है जिसे रोज़ाना खाना सेहत के लिए फायदेमंद है। रोज़ बादाम खाने सेवजन नियंत्रण में मदद मिल सकती है, दिल की सेहत बेहतर हो सकती हैऔर ब्लड शुगर भी नियंत्रित रह सकती है। बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली ख़ान, जो फिटनेस को लेकर काफी सजग हैं,कहती हैं, मैं हमेशा स्वस्थ खाने की आदतों को अपनाती हूँ और अपनेपरिवार को भी इसके लिए प्रेरित करती हूँ। रोज़ाना पोषण पर ध्यान देनाअच्छे स्वास्थ्य के लिए ज़रूरी है, इसलिए मैं इस बात का ध्यान रखती हूँ किहम क्या खा रहे हैं। मैं दिन की शुरुआत कुछ हल्का लेकिन पोषण से भरपूरजैसे कैलिफोर्निया बादाम से करना पसंद करती हूँ, जिससे मुझे लंबे समयतक ऊर्जा और संतुष्टि मिलती है। जब मैं बाहर जाती हूँ, तो भी कैलिफोर्नियाबादाम का एक छोटा डिब्बा अपने साथ रखती हूँ। ये भूख को शांत करने केसाथ-साथ मेरी रोज़ की पोषण ज़रूरतों को पूरा करने में मदद करते हैं। इसराष्ट्रीय पोषण माह पर मैं सभी से कहती हूँ कि वे दिन की शुरुआत पोषणयुक्त चीज़ों जैसे बादाम से करें और अपने परिवार में भी इसे शामिल करें। राष्ट्रीय न्यूट्रिशन माह पर टिप्पणी करते हुए, रीजनल हेड डायटेटिक्स, मैक्सहेल्थकेयर, दिल्ली, रितिका समद्दार ने कहा: मैं लोगों से अपील करती हूँ किवे अपनी सेहत को गंभीरता से लें और सोच-समझकर खाने के चुनाव करें।

आजकल जंक फूड की खपत बढ़ रही है, जिससे हर उम्र के लोगों में स्वास्थ्यसंबंधी समस्याएँ भी बढ़ रही हैं। ऐसे में ज़रूरी है कि अपने रोज़ के भोजन मेंपोषणयुक्त चीज़ें, जैसे बादाम, को शामिल करें।

# कलेक्टर ने ली राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की बैठक, दिए महत्वपूर्ण निर्देश

**त्रुटि सुधार प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें - कलेक्टर, धान खरीदी केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिये निर्देश**



**जांजगीर-चांपा/** कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में राजस्व, कृषि एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को एग्रीस्टैक पंजीयन अंतर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री में शेष कृषकों का शत प्रतिशत पंजीयन करने के निर्देश दिए है। उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के किसानों का मिशन मोड में कार्य करते हुए एग्रीस्टैक में पंजीकृत करने, लक्ष्य अनुरूप फार्मर रजिस्ट्री और एप्रूअल हेतु लंबित प्रकरणों को निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने एग्रीस्टैक पंजीयन अंतर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों का निरीक्षण करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि किसानों से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि त्रुटि सुधार से संबंधित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने खाद की स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों से कहा कि किसानों को समय पर एवं पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाए। इस संबंध में किसी भी प्रकार की कमी या अनियमितता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नैनो यूरिया को किसानों तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि कृषि कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। इसके लिए प्रचार प्रसार करने के निर्देश कृषि विभाग अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी की तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पूराने बारदानों को सुरक्षित रखा जाए ताकि आगामी धान खरीदी में बारदाने की समस्या ना हो। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि तहसीलदार नियमित रूप से बैठक ले तथा पटवारियों से राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि ऋण पुस्तिका संबंधी कार्यों को लेकर किसानों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी अधिकारी सजगता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को ई-कोर्ट के माध्यम से संचालित न्यायालयीन प्रकरणों की स्थिति की सिलसिलेवार समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को शीघ्र न्याय मिल सके। उन्होंने सभी एसडीएम को पटवारी के कार्यों में कसावट लाते हुए नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन जैसे राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को हर महीने न्यूनतम एक राजस्व शिविर लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने वसूली पत्रक अंतर्गत भू-राजस्व कर, नजूल भूमि से प्राप्त भू-भाटक तथा आरआरसी की समीक्षा की। आरबीसी 6-4 के लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए सभी प्रकरणों में विधिवत प्रक्रिया का पालन करते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री आर के तंबोली, सयुक्त कलेक्टर श्री संदीप सिंह ठाकुर, सर्व एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को दिये निर्देश

# लंबित प्रकरणों को नियत समय के भीतर करें निराकृत - कलेक्टर उइके

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** कलेक्टर बी.एस.उईके ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली।कलेक्टर ने अधिकारियों के प्रति गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी नियमित समय पर कार्यालयों में उपस्थित रहे।अन्यथा सख्त कार्यवाही की जायेगी।उन्होंने कहा कि समय पर कार्यालय में उपस्थित न होना।शासकीय सेवा आचरण के विरूद्ध है।शासकीय सेवा में इस तरह की लापरवाही नहीं चलेगी।कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए अपूर्ण कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने समय-सीमा में दर्ज,जनदर्शन,जनचौपाल, जन शिकायत,पीजी पोर्टल,लोक संवाद,सीपी ग्राम सहित उच्च कार्यालयों के लंबित प्रकरणों को नियत समय के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिये। बैठक में प्रधानमंत्री जनमन आवास, सड़क, स्कूल,



आंगनबाड़ी सहित अन्य निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने कहा पीएम जनमन के तहत जितने भी निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत कार्य है। उन कार्यो को समय पर पूरा करें।शासकीय कार्यो की समीक्षा तथा मॉनिटरिंग राज्य एवं केन्द्र स्तर के

अधिकारियों द्वारा लगातार की जाती है। इसी के आधार पर जिले के रैकिंग तय की जाती है। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश में रजत जयंती वर्ष 2025-26 का वृहद आयोजन किया जा रहा है।संबंधित विभाग को जो जिम्मेदारी दी गई है।उसका भलिभांति निर्वहन करे।कलेक्टर श्री उइके ने खरीफ सीजन में जिले में चल रहे खेती-किसानी की भी जानकारी ली। उन्होंने वर्षा की सहित समितियों में खाद के भण्डारण एवं वितरण की भी जानकारी ली।इसके अलावा निजी दुकानों में खाद-बीज एवं दवाई निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत में बेचने पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चन्द्राकर,अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत,नवीन भगत,पंकज डाहिरे,सभी एसडीएम, जनपद सीईओ सहित जिला अधिकारी मौजूद रहे।

# रायपुर पुलिस की बड़ी सफलता: 20 लाख के 100 मोबाइल फोन बरामद कर स्वामियों को लौटाए




**रायपुर ( समय दर्शन )।** रायपुर पुलिस ने अपनी मुस्तैदी और तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए गुम और चोरी हुए मोबाइल फोनों की तलाश में चलाए गए विशेष अभियान में 100 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इनकी अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख रुपये आंकी गई है। सभी फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए गए हैं।

इस विशेष अभियान का नेतृत्व पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर किया गया। इसके तहत थाना प्रभारियों और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट ने आवेदकों द्वारा दर्ज कराई गई गुमशुदगी की गहन जांच की और तकनीकी विश्लेषण व साइबर ट्रैकिंग के जरिए मोबाइल फोनों का पता लगाया।

### अन्य राज्यों से भी बरामद

बरामद मोबाइल फोन केवल छत्तीसगढ़ से ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार से भी खोजे गए। कई मामलों में जब मोबाइल धारकों को बताया गया कि उनके पास उपयोग में आ रहा फोन गुमशुदा है, तो उन्होंने स्वेच्छा से उसे रायपुर साइबर सेल को भेज दिया। वहीं कई बार पुलिस टीम को मौके पर जाकर जब्ती करनी पड़ी।

### 2025 में अब तक 650 फोन बरामद

रायपुर पुलिस ने बताया कि वर्ष 2025 में अब तक कुल 650 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 1.30 करोड़ रुपये है। इन सभी को असली मालिकों को लौटा दिया गया है। यह उपलब्धि पुलिस की सतर्कता और तकनीकी दक्षता को दर्शाती है।

### पुलिस की अपील

रायपुर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि मोबाइल फोन गुम हो जाए तो तुरंत 222.ष्द्गद्ब.द्दश1.द्बठ्ठ पोर्टल पर जानकारी दर्ज कराएं और नजदीकी थाना या साइबर सेल से संपर्क करें। साथ ही मोबाइल को पासवर्ड प्रोटेक्टेड रखने की सलाह दी गई है।

पुलिस ने यह भी कहा कि यदि किसी को लावारिस या संदिग्ध स्थिति में कोई मोबाइल मिले, तो उसे तुरंत साइबर सेल, सिविल लाइन रायपुर में जमा कराएं। ऐसा करने वाले नागरिकों को रायपुर पुलिस द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# दिगंबर जैन जिनालयों में उत्तम शौच धर्म की आराधना

### मंदिरों में अभिषेक, शांति धारा और पूजन

**रायपुर रायपुर ( समय दर्शन )।** दिगंबर जैन समाज ने पर्युषण पर्व के दसलक्षण पर्व के चौथे दिन रविवार को उत्तम शौच धर्म मनाया। राजधानी के आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर की सभी वेदियों में विशेष आयोजन हुए। सुबह से ही मंदिरों में श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा और शौच धर्म की पूजा की गई। पुष्पदंत नाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर भगवान को लड्डू अर्पित किए।

पूर्व उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू ने शौच धर्म का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि शौच धर्म का अर्थ है लोभ न करना। मन में शुद्धि और पवित्रता को धारण कर लोभ का त्याग करना ही शौच धर्म है। उन्होंने बताया कि जिस तरह शरीर को बाहर से साफ किया जाता है, उसी तरह मन को भी साफ करना शौच धर्म का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मनुष्य भौतिक सुख



पाने के लिए लोभ के वश में होकर गलत कार्य कर लेता है। इससे बाद में उसे कष्ट भोगना पड़ता है। इसलिए सभी को शौच धर्म का पालन कर लोभ का त्याग करना चाहिए।

कार्यक्रम में मंगल आरती के साथ देव शास्त्र गुरु पूजन,दस लक्षण पूजन,मोक्ष कल्याणक पूजन,निर्वाण कांड पढ़ कर लाडू चढ़ाया गया। इस अवसर पर पूर्व उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू, इंजीनियर राजीव जैन,अशोक जैन,आदेश जैन, संदीप जैन,श्रद्धेय जैन,नीरज जैन,नरेंद्र जैन,निलेश जैन,राज जैन,कृष जैन, उपस्थित थे।

# चांदी के तिगड़े पर शांतिनाथ भगवान को विराजमान कर मनाया गया स्नात्र महोत्सव

**रायपुर।** सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में सौ से ज्यादा बच्चे संडे की शुरुआत स्नात्र महोत्सव से करने लगे हैं। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि इस भौतिक युग में बच्चों के जीवन को धर्म के मार्ग पर मोड़ना जरूरी है इसी उद्देश्य से गुरुदेव की प्रेरणा से प्रति संडे बच्चों को स्नात्र पूजा, चंदन पूजा व पूजा विधि के सुत्रों का अध्ययन कराया जाता है। मेरु शिखर नव्हरावे ओ सुरपति , मेरु शिखर नवराव्हे , घड़ा एक सौ आठ भरी ने , प्रभु जी ने नवहन करावे के पवित्र आत्म कल्याणकारी श्लोकों के साथ जब एक साथ सभी बच्चों ने सीमंधर स्वामी जिन मंदिर में प्रभु प्रतिमा के सामने सामूहिक स्वर में स्नात्र महोत्सव मनाया तो मंदिर में अलौकिक दृश्य उपस्थित हो गया। ट्रस्टी नीलेश गोलछा ने बताया कि 126 बच्चों को तीर्थंकर परमात्मा के जन्मकल्याणक की , तीर्थंकरों के जन्म से तीन ज्ञान व व अतिशय बलों की जानकारी देकर मेरुशिखर पर



स्नात्र महोत्सव कराया गया । जिनप्रतिमा के 9 अंगों के पूजन की विधि की जानकारी देकर नवांगी पूजा कराई गई , जैन धर्म में ही भगवान की प्रतिमा में भक्तों द्वारा सीधे पूजन का विधान है । बच्चों को पुरस्कृत किया गया। रविवार को प्रभावना के लाभार्थी श्रीमति वर्तिका वर्धमान वैभव चोपड़ा व संतोष सरला बैद परिवार है । ट्रस्टी डॉ योगेश बंगानी ने आगे बताया कि चारों दादागुरुदेव के सम्मुख विधिपूर्वक गुरुवंदन की प्रक्रिया सिखाई गई , बच्चों ने दादागुरुदेव का विधिपूर्वक खमासमना देकर वन्दन किया। अंत में दादागुरुदेव इक्तिसा का पाठ किया गया ।

एनजीटी आदेश के उल्लंघन पर 14 ट्रैक्टर जब्ती की कार्रवाई

# अवैध रेत उत्खनन पर प्रशासन की सख्ती

**रायपुर रायपुर ( समय दर्शन )।** अवैध रेत उत्खनन पर रोकथाम के लिए सतत कार्यवाही की जा रही है। नदी में भारी संख्या में ट्रैक्टर लगाकर रेत उत्खनन की सूचना प्राप्त होने पर टीम के पहुंचने पर मौके नदी तट पर लगभग 14 ट्रैक्टर रेत से भरे जा रहे थे और उत्खनन कार्य में 100 से अधिक श्रमिक सक्रिय थे। अवैध रेत उत्खनन वालों के विरूद्ध पर्यावरण संरक्षण और कानून व्यवस्था के मद्देनज़र कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है।

जिला बलरामपुर-रामनुजगंज के विकासखंड शंकरगढ़ के डीपाडीह कला क्षेत्र में गलफुल्ला नदी से हो रहे अवैध रेत खनन पर राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुसमी ने जानकारी दी है कि गलफुल्ला नदी में भारी संख्या में ट्रैक्टर लगाकर रेत उत्खनन की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल संयुक्त दल का गठन किया। जिस पर नायब तहसीलदार शंकरगढ़ और थाना




प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में किसी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए अतिरिक्त बल तैनात कराया गया था। टीम के पहुंचने पर मौके पर पाया गया कि नदी तट पर लगभग 14 ट्रैक्टर रेत से भरे जा रहे थे और उत्खनन कार्य में 100 से अधिक श्रमिक सक्रिय थे। थाना प्रभारी ने संयम और सूझबूझ से कार्य करते हुए पहले श्रमिकों की भीड़ को शांतिपूर्वक हटाया।

इसके बाद नायब तहसीलदार की मौजूदगी में सभी ट्रैक्टरों को जब्त कर पुलिस चौकी डीपाडीह में रखा गया। साथ ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में विहित प्रावधानों के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही पृथक से की जा रही है। गौरतलब है कि कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के संयुक्त प्रयास से अवैध रेत खनन एवं परिवहन पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि एनजीटी के आदेशानुसार 15 जून से 15 अक्टूबर 2025 तक नदियों से रेत खनन पूर्णत: प्रतिबंधित है, जिसके तहत पर्यावरण संरक्षण और कानून व्यवस्था के मद्देनज़र अवैध रेत उत्खनन करने वालों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### NHM कर्मियों की हड़ताल पर सिंहदेव बोले: 'वादा पूरा न करना बनी थी हार की वजह'...



**रायपुर।** प्रदेशभर में नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के अस्थाई कर्मचारियों का नियमितीकरण और अन्य मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी है। राजधानी रायपुर समेत सभी जिला मुख्यालयों में 18 अगस्त से शुरू हुई इस हड़ताल का सीधा असर स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ा है। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में लगभग 16 हजार कर्मचारी एनएचएम के तहत कार्यरत हैं। सरकार ने हड़तालियों पर सख्ती दिखाते हुए नो वर्क, नो पे आदेश जारी किया है। कई जिलों के सीएमएचओ ने हड़ताली कर्मियों को नोटिस थमाते हुए चेतावनी दी है कि यदि वे ड्यूटी पर नहीं लौटे तो उन्हें नौकरी से बर्खास्त भी किया जा सकता है।

**वादा पूरा न करना बनी थी हार की वजह : सिंहदेव**- इस बीच, कांग्रेस सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे टीएस सिंहदेव ने आंदोलनकारियों का समर्थन करते हुए बड़ा बयान दिया। महासमुंद पहुंचे सिंहदेव ने कहा कि हमारी सरकार ने एनएचएम कर्मियों से किया वादा पूरा नहीं किया। यही हमारी और कांग्रेस की हार का कारण बना। जनता की मांग पूरी न करने वाली सरकारें हारती हैं। वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि कर्मचारियों की कई मांगों जैसे 22% वेतन वृद्धि, ट्रांसफर नीति और 30 दिनों के चिकित्सकीय अवकाश को मान लिया गया है। लेकिन नियमितीकरण की मांग केंद्र सरकार की मंजूरी पर निर्भर है। फ़िलहाल, सरकार और हड़ताली कर्मियों के बीच टकराव गहराता जा रहा है। आंदोलनकारी कर्मचारी अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं, वहीं प्रशासन चेतावनी दे रहा है कि यदि सेवाओं में नहीं लौटे तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### एनएचएम कर्मचारियों की जायज़ मांगों का होगा समर्थन: बृजमोहन



#### 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सांसद अग्रवाल से मिला हड़ताली कर्मचारी

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के हड़ताली कर्मचारियों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल से भेंट कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। लगभग दो सप्ताह से आंदोलनरत एनएचएम कर्मचारियों का नेतृत्व छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी ने किया। इस अवसर पर सांसद अग्रवाल ने कर्मचारियों की मांगों को पूरी गंभीरता से सुना और उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि एनएचएम के कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं। ग्रामीण और शहरी इलाकों में 24 घंटे आम जनता की सेवा करने वाले इन कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि वे जल्द ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से भेंट कर एनएचएम कर्मचारियों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु चर्चा करेंगे। एनएचएम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल के सकारात्मक रुख और समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया हैं।

### यूको बैंक में चोरी का प्रयास, लॉकर तोड़ने में नाकाम रहे चोर



**रायपुर।** राजधानी में चोरों के हौसले बुलंद हैं। रविवार देर रात जोरा स्थित यूको बैंक में चोरी का प्रयास किया गया। चोर बैंक के पीछे की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे और लॉकर तोड़ने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। इसके बाद वे बैंक का सामान अस्त-व्यस्त कर मौके से फरार हो गए। पूरा मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है। सोमवार सुबह जब बैंक का शटर खोला गया तो कर्मचारियों ने देखा कि अंदर का सामान बिखरा पड़ा है, खिड़की टूटी हुई है और लॉकर को भी नुकसान पहुंचा है। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक अनुमान के मुताबिक चोरों ने योजना बनाकर वारदात को अंजाम देने की कोशिश की थी। फिलहाल पुलिस आसपास के CCTV फुटेज खंगाल रही है।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर निकाली गई साइकल रैली

**रायपुर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत आज बिलासपुर में स्कूली छात्र-छात्राओं और 300 से अधिक खिलाड़ियों ने साइकल रैली निकाली। भारत सरकार के फिट इंडिया कार्यक्रम सन्डेस ऑन सायकल (Sundays on Cycle) के तहत पीएमश्री स्वामी आत्मांनद विद्यालय नूतन चौक सरकंडा से स्वर्गीय बी.आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई तक यह रैली निकाली गई। पूर्व ओलम्पियन एवं हॉकी के हेड कोच अजीत इमानुएल लकड़ा और अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाडी संजू देवी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। भारत सरकार द्वारा देश के समृद्ध खेल विरासत का उत्सव मनाने, हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित करने, ओलम्पिक मूल्यों में राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह को समाहित कर सपूरे देश को ईमानदारी, महत्वाकांक्षा और सामूहिक भावना के साझा दृष्टिकोण के साथ एकजुट करने तथा मजेदार व प्रतिस्पर्धात्मक खेलों के माध्यम से शारीरिक सक्रियता, समावेशिता और टीम-वर्क को प्रोत्साहित करने व जनसामान्य को खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से इस वर्ष 29 अगस्त से 31 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह का राष्ट्रव्यापी आयोजन किया जा रहा है।

## संपादकीय

### राजस्व क्षति कौन वहन करेगा?

जीएसटी की 28 और 12 प्रतिशत की दरें खत्म करने से 46,000 करोड़ रुपये से अधिक की राजस्व क्षति होगी। इस नुकसान को कौन वहन करेगा? क्या इसे राज्यों को भी साझा करना होगा? अथवा, केंद्र उन्हें मुआवजा देगा? अब साफ है कि बिना प्रक्रियाओं को पूरा किए प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के ढांचे में परिवर्तन की घोषणा कर दी। घोषणा के पहले इस बारे में आम सहमति बनाने के किसी प्रयास का संकेत भी नहीं है। अब चूंकि नरेंद्र मोदी दिवाली का ये उपहार देने का एलान कर चुके हैं, तो उसे साकार करने की भाग-दौड़ मची है। गुजरे हफ्ते जीएसटी से संबंधित मंत्रियों के समूह ने इस कर व्यवस्था के तहत सिर्फ दो दरें (पांच और 18 प्रतिशत) रखने की सिफारिश को मंजूरी दी। ये अनुशंसा जीएसटी काउंसिल को भेजी गई है। काउंसिल की बैठक 3-4 सितंबर को बुलाई गई है। उसमें निर्णय लेने का प्रयास किया जाएगा। मगर इस बीच कई सवाल हैं। वित्तीय अखबारों के आकलन के मुताबिक 28 और 12 प्रतिशत की दरें खत्म करने से 46,000 करोड़ रुपये से अधिक की राजस्व क्षति होगी। इस नुकसान को कौन वहन करेगा? क्या इसमें उन राज्य सरकारों को भी साझा करना होगा, जिनकी पहले से सहमति प्राप्त नहीं की गई? अथवा, राज्य सरकारों के नुकसान की क्षतिपूर्ति केंद्र करेगा? केंद्र का 2024-25 में राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.8 प्रतिशत के बराबर रहा था। अधिकांश राज्य भी भारी घाटे में हैं। प्रत्यक्ष नकदी ट्रांसफर की लोक-लुभावन योजनाओं ने पहले ही उन्हें वित्तीय संकट में डाल रखा है। ऐसे में मुख्य प्रश्न है कि कुल घाटे को भरने का क्या तरीका केंद्र सुझाएगा? इस सिलसिले में यह भी उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री पर लगाए जा रहे प्रतिबंध से राजकोष को तकरीबन 20,000 करोड़ का नुकसान होने का अनुमान है। इन तथ्यों को जीएसटी के मौजूदा ढांचे को बनाए रखने के पक्ष में दलील के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। जीएसटी को सरल करने की जरूरत है। बल्कि बेहतर तो यह होगा कि पेट्रोलियम पर उत्पाद शुल्क के बोझ से भी लोगों को राहत दी जाए। मगर साथ ही राजस्व का प्रश्न है। इस पर स्पष्टता के अभाव में आशंका पैदा होती है कि कहीं एक तरफ राहत देकर दूसरी तरफ आम लोगों से ही सरकार वसूली तो नहीं करने लगेगी!

### कितने अपनों के बीच पार्टियां

हिमाचल विधानसभा सत्र के दौरान एक अन्य सत्र ऊना में भी चला जहां भाजपा सिर्फ विपक्ष में नहीं, अपनों के बीच ही थी। क्या विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस अपनी सरकार के भीतर और सत्तारूढ़ दल की हैसियत से दिखाई दे रही है। यह मुकाबला नहीं सियासी हालात में जिगर को दिल से मिलाने की एक दास्तान हो सकती है। ऊना में यूं तो भाजपा की संगठनात्मक कार्यशाला थी, लेकिन वहां संगठन का श्रम, पार्टी की साधना, राजनीतिक कौशल और नेताओं का उत्साह ठाठें मार रहा था। ऐसे में देखना यह होगा कि क्या हिमाचल में सत्तारूढ़ होने के बाद सरकार में होने का उत्साह कांग्रेस के कार्यकर्ता या नेताओं में बरकरार है। यह इसलिए भी कि भारी कोशिशों के बीच कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष की पतवार बाहर नहीं आ रही, जबकि पार्टी के भीतर कई अवतार और कई श्रृंगार मौजूद हैं। इधर डा. बिंदल की टीम का आगाज बता रहा है कि नए अभियान-नए इम्तिहान के लिए पार्टी किस शिद्दत से अपने जोश का संग्रहण करती है। ऊना की बैठक में सिर्फ उत्साह नहीं था, बल्कि कदमताल करते इरादे, आगे बढने़ की निरंतरता और साबित करने की भुजाएं एक साथ शिरकत कर रही थीं। यह दीगर है कि प्रदेश भाजपा की संगठनात्मक रचना में कई किश्तियां सूखे में खड़ी दिखाई दे रही थीं, लेकिन पार्टी ने अपने जहाज पर सबको बैठाने के लिए कार्यशाला के निमंत्रण में नए सफर की नई डगर खोज डाली। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह भाजपा में जीने की विधा और विधान सिखाते हैं, तो पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर 2027 के प्रादेशिक चुनावों का खाका सृजित कर देते हैं, यानी अगस्त 2025 में बैठी भाजपा दो-ढाई साल बाद के चुनावों की कसरत में मांसपेशियां दिखा रही है। यहां कसौटियां बूथ तक और हिम्मत हर वोट तक ऐसा नक्शा खीच रही है जो आने वाले समय में विपक्ष की भूमिका को आंदोलित करेगी। वैसे एक मुकाबला शिमला के विधानसभा परिसर में भी आमादा है। बेशक सरकार अपनी पैरवी के हर इंतजाम में अव्वल होने की वजह और अंदाज जानती है, फिर भी सियासी रेत छानने के लिए वाकआउट करता विपक्ष जनता की नजरों में खुद को दिखा गया। यह विपक्ष की मासूमियत नहीं, चालाकी है जो आपदा के वीभत्स में भी अपनी तस्वीर दिखा पा रही है। यहां केंद्र के पन्नों पर भले ही हिमाचल को पूरा खत न आया और न ही राहत के पैगाम ढांढस बंधा पाए, लेकिन राज्य भाजपा है कि मानती नहीं। बहरहाल, बतौर पार्टी अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल विपक्षी माहौल का तडक़ा लगाने में फिर माहिर हुए, क्योंकि सामने सत्तारूढ़ दल तो है, लेकिन पार्टी का मुकम्मल दल और नेतृत्व नहीं है। अब देखना यह है कि भाजपा की कार्यशाला के सामने कांग्रेस में कितनी हील हुज्जत होती है। अंततः सत्ता को तो मिशन रिपीट के इजहार में अपना आचरण दर्ज करना ही होगा। सत्ता के संदेश सचिवालय से गांव के चौपाल तक पहुंचाएगा तो आम कार्यकर्ता ही। जिस बूथ की योजना में पूरी भाजपा खड़ी है, उसके क्षेत्ररक्षण की तैयारी में कांग्रेस को एक अदद पूर्णकालिक अध्यक्ष चाहिए। पार्टी को तरोताजा करने के लिए जो ऊर्जा और उत्साह चाहिए, वह कहीं आलाकमान के किंतु-परंतु का बंधक बना हुआ है। जो कांग्रेस पार्टी को सत्ता तक लेकर आई, तब कोई और बात थी। अब एक नया सियासी महाभारत लिखा जाएगा। चुनाव की आहट को अगर भाजपा ढाई साल पूर्व भी महसूस कर सकती है, तो कांग्रेस को सत्ता के कदमों पर चलते हुए अपनी एक नई पारी, नए दमखम से जोडऩी होगी। हिमाचल पिछले दशकों से हर सत्तारूढ़ दल को 'मिशन रिपीट' के मोड पर काम करते हुए देखता है। जाहिर है कांग्रेस के वजूद में यह जज्बा दिखाने के लिए पार्टी और सत्ता को एक साथ मैदान पर आना होगा।

# न्यूयॉर्क बनने का सपना देखता मुंबई

श्रुति व्यास



कुछ दिनों से मैं मुंबई में हूँ। यह महानगर उभरते भारत की झिलमिलाहट बतलाता हुआ है। काँच की इमारतें मानसून के आसमान को छूती हैं। नया कोस्टल रोड अरब सागर पर किसी रिबन की तरह खुलता चला जाता है। यह वही शहर है जो न्यूयॉर्क बनने का सपना देखता है। तभी लगातार निर्माणाधीन स्काइलाइन, वॉल स्ट्रीट के ब्रोकरों जैसी दौड़-भाग, ब्रॉडवे जितने चमकीले फिल्म सितारे, और वे कैफ़े, जहाँ स्टार्टअप की बातें गूँजती रहती हैं। मुंबई उस वैश्विक चमक को छूना चाहती है और वह न कभी सोता है और न थमता है। हमेशा भागता है, हमेशा ऊपर उठने को तत्पर।

फिर भी, चमक फीकी-सी लगी। शायद एक वजह लगातार बरसात थी। लगातार भारी बादल, चिपचिपी नमी जो देह से चिपकी रहती है, वे गड्ढे जो पूरी गाड़ियों को खचरा बना देते हैं, या फिर वह ट्रैफ़िक जो शहर की साँस रोक देता है। लेकिन बारिश और मौसम के नखरे तो न्यूयॉर्क भी जानता है। वहाँ की चमक इतनी आसानी से नहीं छिलती। यहाँ तक कि जब ट्रंप व्हाइट हाउस में लौटकर वॉल स्ट्रीट को टैरिफ़ युद्ध और व्यापारिक धमकियों से हिलाते हैं, तब भी न्यूयॉर्क अपनी चमक नहीं खोता। उसका स्काइलाइन लगातार दमकता है, उसकी धुन अब भी कायम है। मुंबई, इसके उलट, कहीं ज़्यादा नाज़ुक लगा ह—मानो पहली बारिश ही इसके ग्लैमर को बहा ले गई हो। दरअसल उसकी चमक को अनिश्चितताओं का बोझ धो डाल रहा है।

आज का भारत भी ऐसे ही एक बड़े बादल से ढका हुआ है—अनिश्चितता, जो अब इस देश का नया मौसम बन गई है।

यह बिना चेतावनी आता है, अंतहीन टिकता है, और बाकी हर मौसम को अपने रंग में ढाल देता है। मानसून, जो कभी राहत लाता था, अब ख़तरे की आहट है। उत्तराखंड से हिमाचल, कश्मीर तक—बादल फटने की खबरें बिना रुके आती हैं, नदियाँ राक्षसों की तरह उफनती हैं, कीचड़-पानी घरों और उम्मीदों दोनों को बहा ले जाता है। जिन देवताओं को हमने लंबे समय तक हल्के में लिया था, वे अब हिसाब वसूल रहे हैं। न्यूयॉर्क भी तूफ़ानों को जानता है—सबवे में पानी भरने वाले हरिकेन, सड़कों को जकड़ देने वाले बर्फ़ीले तूफ़ान—लेकिन उसका आत्मविश्वास टिकता है। वहाँ ढाँचा झुकता है, फिर उठता है, फिर से बनता है। भारत में, हर बारिश मानो ढहने जैसा महसूस होती है। फ़र्क़ सिर्फ़ भूगोल का नहीं, भरोसे का है।

आसमान की मार ही काफ़ी न थी कि वॉशिंगटन से लगी चोट भारत के लिए और गहरी है। डोनाल्ड ट्रंप का भारतीय निर्यात पर 50त्न टैरिफ़ लगाना महज़ आर्थिक झटका नहीं था, यह वह गड़गड़ाहट थी जिसने एक दशक से बुने गए भ्रम को चकनाचूर कर दिया। हाउडी मोदी के रंगारंग आयोजन से लेकर साझेदारी की तमाम तस्वीरों तक, भारत को यक़ीन था कि वह अमेरिका के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। पर ट्रंप की राजनीति की ठंडी गणित में साझेदारी वहीं ख़त्म हो जाती है जहाँ उसका स्वार्थ शुरू होता है।

और असर सिर्फ़ सैद्धांतिक नहीं है। भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) ने मंगलवार को कहा कि तिरुप्पुर, नोएडा और सूरत के वस्त्र-निर्माता उत्पादन रोक चुके हैं। यह क्षेत्र वियतनाम और बांग्लादेश जैसे सस्ते प्रतिद्वंद्वियों के सामने पिछड़ रहा है। जहाँ तक समुद्री उत्पादों का सवाल है, ख़ासतौर पर झींगे, जिन्हें अमेरिकी बाज़ार लगभग 40त्न तक खाता है, उसके लिए टैरिफ़ वृद्धि का मारक मतलब है। स्टॉक के नुकसान, सप्लाई चेन का टूटना और किसानों की दुर्दशा, फियो अध्यक्ष एस. सी. रल्हन ने चेताया है। इस टैरिफ़ दीवार ने सूरत के हीरा तराशने वालों से लेकर आंध्र के झींगा किसानों, तिरुप्पुर के वस्त्र श्रमिकों और पुणे की मशीनरी इकाइयों तक, लाखों की रोज़ी-रोटी पर वार किया है। रुपये का मूल्य गिरा है, शेयर बाज़ार डगमगाए हैं, विकास दर के अनुमान घट चुके हैं। और एक ही झटके में भारत दुनिया के सबसे अधिक टैरिफ़ लगे देशों में गिना जाने लगा है।

जबकि वॉल स्ट्रीट अभी भी बमबम है, न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज अब भी वैश्विक धड़कन तय कर रहा है। उसकी अस्थिरता में भी एक दृढ़ता झलकती है। जबकि मुंबई का बाज़ार, इसके विपरीत, हर टैरिफ़ हेडलाइन पर काँप जाता है। एक शहर निश्चितता पर चलता है, दूसरा उम्मीद पर।

और फिर भी, इस दरार, संकट के बीच प्रधानमंत्री अपनी लय में चलते हैं। मेट्रो और हाइवे के रिबन काटना। नारे दोहराना मानो कोई मंत्र हों: मेक इन इंडिया। मेक फ़ॉर द वर्ल्ड। दिवाली से पहले बड़े टैक्स तोहफ़ों का वादा—एक सरल जीएसटी प्रणाली, उपभोग को मुक्त करने के लिए। पर यह सब एक और जुमला ही लगता है—मानो नारे दोहराने से हक़ीक़त बदल जाएगी।

लेकिन शब्दों का खेल जो हो रहा है, वह सच नहीं ढक सकता। टैक्स में छूट या जीएसटी में छोटे सुधार उपभोग को थोड़ा सहला सकते हैं, पर 50त्न टैरिफ़ दीवार के झटके को नहीं रोक सकते। वे उन दरवाज़ों को नहीं खोल सकते जो अमेरिका ने बंद कर दिए हैं। वे उन निर्यातकों को नहीं बचा सकते जिनकी फैक्टरियाँ आज बंद हो रही हैं। मोदी के वादे की निश्चितता और भारत की जीती-जागती अनिश्चितता के बीच की खाई अब और गहरी हो गई है।

मध्यवर्ग के लिए यह अनिश्चितता और भी निजी रूप लिए होती है। मुंबई में मैंने शायद ही किसी से मुलाक़ात की हो जो जीवन से संतुष्ट दिखे—बिल असहनीय हैं, किराए अकल्पनीय और खर्चे लगातार सिर चढ़ते हुए। दिल्ली से भी ज़्यादा बोझिल और बेमुरव्वत लगता है यहाँ का जीवन। दिल्ली में घर खरीदना मिलेनियल के लिए सपना है, तो मुंबई में यह नामुमकिन-सा है। जगह की ऐसी किल्लत कि अमीर से ग़रीब तक सभी एक-दूसरे पर चढ़े हुए रहते हैं—छतें और दीवारें तकरीबन धकेल रही हों, निजता उतनी ही दुर्लभ है जितनी जगह। छोटी-सी ख़ुशी भी अब फिज़ूलखर्ची लगती है। टैक्सी की सवारी जेब चीर सकती है। कैफ़े लियोपोल्ड में पास्ता की एक प्लेट अब ?800 से ऊपर है—यह महज़ खाना नहीं, बल्कि एक बयान लगता है। वही कैफ़े, जो अब सिर्फ़ कैफ़े नहीं रहा, बल्कि 26/11 की यादों और शांताराम की पंक्तियों से एक स्मारक बन गया है। मुंबई के इस एक कोने में ग्लैमर और ग़म, चाहत और थकान, सब भीड़ की तरह साथ रहते हैं।

यही धीरे-धीरे भारत की कहानी बन रही है। महँगाई घरों को खा रही है, रोज़गार अटक-अटककर चल रहा है। कभी एक परिवार हर 3ड्ड4 साल में कार बदल सकता था, अब एक दशक लग जाता है। कभी विंडो शॉपिंग शौक था, अब मजबूरी है। हर तीसरा युवा फ़्रीलांसर है—चुनाव से नहीं, बल्कि इसलिए कि पक्की नौकरियाँ ही ग़ायब हो गई हैं। सरकार तक अब न लोगों को स्थायी रूप से रखती है, न गाड़ियों को—सब भाड़े पर। विकल्प भी घटे हैं। कभी मुंबई की उड़ान के लिए जेट एयरवेज़, किंगफ़िशर, एयर इंडिया, इंडिगो में से चुन सकते थे, अब दो विकल्प बचे हैं। कभी टेलीकॉम में एयरटेल, वोडाफोन, आइडिया, बीएसएनएल सभी थे—अब फ़ोन अपने आप जियो से जुड़ता है क्योंकि बाक़ी नेटवर्क बस नाममात्र हैं। ग्यारह साल के नारों की गूँज रोज़मर्रा की ज़िंदगी की छोटी-छोटी झुँझलाहटों से टकराती है। ग़रीब के लिए चोट और गहरी है—कम शिफ़्टें, कम निर्यात, कम रक़म।

और सबसे ज़्यादा जो कुतरता है, वह है भरोसा। मोदी की राजनीति अपरिहार्यता के भाव पर खड़ी रही है—भारत की नियति एक विश्वगुरु के रूप में, 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के रूप में। लेकिन ट्रंप के टैरिफ़ ने इस आभा को फाड़ दिया। अगर अमेरिका अपने सबसे मज़बूत साझेदार के साथ ऐसा कर सकता है, तो कौन-सी निश्चितता बची है?

राष्ट्र की अपनी निश्चितता भी बिखरती दिखती है। संसद अब लगभग रंगमंच है, अदालतें दबाव में डगमगाती हुई और मीडिया सवाल से ज़्यादा प्रतिध्वनि है। जो संस्थाएँ बाज़ारों को संभालनी चाहिए थीं, वे अविश्वास पैदा करती हैं। लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था की जो मचान दशकों से खड़ी थी, वह अब पतली और भुरभुरी हो गई है।

अनिश्चितता अब इतनी व्याप्त हो चुकी है कि स्थिरता भी छलावा लगती है। पिछली बार भारत ऐसी धुंध में कोविड के समय दाख़िल हुआ था, जब पूरी दुनिया उसी तूफ़ान में थी। तब कम से कम हम अकेले नहीं थे। आज की अनिश्चितता ज़्यादा अकेली है, ज़्यादा खोखली। क्योंकि तब और अब के बीच का असली फ़र्क़ भरोसा है—और भरोसा ढह रहा है। संस्थाएँ अब आश्वस्त नहीं करतीं, नेता प्रेरित नहीं करते, सच अब भरोसा नहीं जगाता। भरोसे के बिना, निश्चितता भी अनिश्चित हो जाती है।

भारत से कहा जा रहा है कि अपनी नियति का उत्सव मनाए, खुद को अजेय समझे। मुंबई से कहा जा रहा है कि वह अगला न्यूयॉर्क बनेगा। दिल्ली अब भी सत्ता का मंच है—चौड़ी सड़कें, राजनीतिक आडंबर, लाल क़िले से गूँजते वादे। पर सच्चाई यह है कि कोई भी अपने किरदार पर खरा नहीं उतर रहा।

न्यूयॉर्क का आत्मविश्वास काँच की इमारतों या तटीय सड़कों से नहीं आता, बल्कि भरोसे से आता है—प्रणालियों में, संस्थाओं में, कल में। दिल्ली की भव्यता नारों से नहीं, बल्कि उस निश्चितता से आती है कि सत्ता वहीं टिकेगी। मुंबई में सपने हैं, पर साथ में चिपचिपी बारिशें, टूटती सड़कों, असंभव किराए और लियोपोल्ड का पास्ता—जिसका स्वाद ग्लैमर और ग़म दोनों का है।

आख़िरकार, दिल्ली, मुंबई और न्यूयॉर्क—तीनों शहर एक ही विरोधाभास खोलते हैं: भारत क्या बनना चाहता है, भारत क्या होने का दिखावा करता है, और भारत वास्तव में क्या है। यह देश सस्पेंस में जी रहा है—जिसकी चमक हर अगली बारिश, हर अगले टैरिफ़, हर अगले संकट से धुल जाने को तैयार रहती है। अनिश्चितता, जो कभी छाया भर थी, अब इस देश का स्थायी मौसम बन चुकी है।

# मध्यप्रदेश के कण-कण में है सौंदर्य

डॉ. मोहन यादव




भारत का हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश अप्रतिम सौंदर्य से समृद्ध प्रदेश है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि मध्यप्रदेश सर्वाधिक सम्मोहित करने वाला राज्य है। इसके कण-कण में सौंदर्य है। जो एक बार आता है यहां की स्मृतियों के सम्मोहन में बंधकर बार-बार आता है। मध्यप्रदेश में हर आयु के पर्यटकों को आकर्षित करने की क्षमता है।

पर्यटन के संबंध में दशकों पहले की अवधारणाएं अब समाप्त हो गई हैं। मध्यप्रदेश के पर्यटन ने अब उद्योग का रूप ले लिया है। हमारी नीतियों और दूरदर्शी निर्णयों से पर्यटन क्षेत्र का तेजी से विस्तार हो रहा है। यह सर्वमान्य तथ्य है कि अर्थव्यवस्था में पर्यटन सर्वाधिक रोजगार उत्पन्न करने वाला सैक्टर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अतुल्य भारत का वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान बढ़ा है। इसका सकारात्मक प्रभाव सभी राज्यों के पर्यटन उद्योग पर पड़ा है। देश का घरेलू पर्यटन बढ़ने से मध्यप्रदेश जैसे तेजी से बढ़ते राज्य को सीधा लाभ हुआ है।

मध्यप्रदेश के शांतिप्रिय नागरिकों के लिये सबसे ज्यादा खुशी की बात है कि मध्यप्रदेश अब वैश्विक पर्यटन नक्शे पर ध्रुव तारे जैसा चमक रहा है। हमारे पर्यटन की सबसे बड़ी विशेषता है कि यह अत्यंत समृद्ध और विविधता से सम्पन्न है। साथ ही जिम्मेदार और सुरक्षित भी।

प्रदेश में पर्यटन की नई-नई शाखाएं उभरी हैं। प्राकृतिक पर्यटन हो या सांस्कृतिक पर्यटन, आध्यात्मिक पर्यटन हो या वन्यजीव पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन हो या रोमांचकारी पर्यटन, कृषि पर्यटन हो या फिल्म पर्यटन या नया उभरता हुआ चिकित्सा पर्यटन। इन सभी नये स्वरूपों के साथ मध्यप्रदेश की पहचान बहु आयामी पर्यटन प्रदेश के रूप में हो रही है।

प्रदेश में अब पर्यटकों की संख्या हर वर्ष बढ़ती जा रही है। गत वर्ष देश में सर्वाधिक पर्यटक मध्यप्रदेश में आए। नैसर्गिक सौन्दर्य, वन्य प्राणी, धार्मिक स्थल, आकर्षक ऐतिहासिक विरासतें और हरे-भरे वन हमारी विशेषता हैं। हमारे वन जीवित हैं। देश में सर्वाधिक बाघ मध्यप्रदेश में हैं। चंबल सबसे साफ नदी है जिसमें घड़ियालों का संरक्षण हो रहा है। नर्मदा मैया के दर्शन करने हजारों श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि से मध्यप्रदेश अब देश का एकमात्र चीता प्रदेश बन गया है। चीतों का परिवार पालपुर कूनो में फल फूल रहा है।

सांची, खजुराहो और भीमबेटका जैसी विश्वविख्यात धरोहर हमारी वैश्विक सांस्कृतिक पहचान है। अब यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में ग्वालियर किला, बुरहानपुर का खूनी भंडारा, चंबल के पत्थर कला स्थल, भोजेश्वर महादेव मंदिर भोजपुर, रामनगर मंडला के गोंड स्मारक और मंदसौर का धमनार भी जुड़ने की तैयारी में हैं। इसके अलावा नर्मदा परिक्रमा, गोंड चित्रकला और भगोरिया उत्सव भी पर्यटन के नक्शे पर प्रमुखता से उभरे हैं। मध्यप्रदेश ऐसा अग्रणी राज्य बन गया है, जिसने सबसे ज्यादा 18 स्थलों को विश्व विरासत सूची में शामिल करने की पहल की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के सहयोग से मध्यप्रदेश के पर्यटन को नई दिशा मिली है। केन्द्र का भरपूर सहयोग मिल रहा है। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां ईको सेंसिटिव जोनल मास्टर प्लान बनाने का काम शुरू किया गया और 27 राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों में से सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान और बोरी वन्य जीव अभयारण्य में पूरा हो गया। हैरिटेज पर्यटन की कई परियोजनाएं शुरू की गई हैं।

प्रदेश में अधोसंरचना मजबूत होने, सड़क संपर्क में निरंतर सुधार होने और केन्द्र सरकार के सहयोग से रेल सुविधाओं के बढ़ने से पर्यटन क्षेत्र और उद्योग को लाभ मिला है। इस क्षेत्र में निवेश निरंतर बढ़ रहा है। हाल में रीवा पर्यटन कॉन्क्लेव में तीन हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले। पर्यटन स्थलों में सुविधाएं निरंतर बढ़ाई जा रही हैं। पीएमपर्यटन वायु सेवा की शुरुआत हुई है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, सतना और सिंगरौली के मध्य वायु सेवा का संचालन हो रहा है।

मध्यप्रदेश सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पुनर्जागरण के दौर से गुजर रहा है। इसी समय आध्यात्मिक पर्यटन भी निरंतर विस्तार ले रहा है। भगवान श्रीमहाकाल की नगरी उज्जैन और यहां श्रीमहाकाल लोक विश्व विख्यात हैं। पिछले साल सात करोड़ श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। प्रदेश की जीडीपी में पर्यटन क्षेत्र के योगदान में आध्यात्मिक पर्यटन भागीदारी को और ज्यादा सशक्त बनाने की तैयारी चल रही है।

ओरछा में भगवान श्रीराम का मंदिर है। यह विश्व का एकमात्र मंदिर है, जहां भगवान को राजा के रूप में गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाता है। यह अभूतपूर्व आध्यात्मिक घटनाक्रम है। यहां भगवान श्रीराम राजा की सरकार स्थापित है। ग्वालियर के ऐतिहासिक भव्य किले के संबंध में उल्लेख मिलता है कि भारत में पहली बार जीरो का लिखित इस्तेमाल कहां हुआ। ग्वालियर किले में नवीं शताब्दी के इस चतुर्भुज मंदिर में शून्य का सबसे शुरुआती शिलालेख पर उकेरा हुआ प्रमाण मिलता है। इस मंदिर को दुनिया में %टैंपल ऑफ जीरो% के नाम से भी पहचाना जाता है। धार्मिक आयोजनों को नया स्वरूप दिया जा रहा है। बाबा श्रीमहाकाल की दिव्य सवारी को भव्य रूप दिया गया। रक्षा बंधन के त्यौहार और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को सार्वजनिक रूप से प्रदेश के कोने-कोने में मनाया गया।

धार्मिक महत्व के स्थलों में धार्मिक और सांस्कृतिक लोगो और स्मारकों का निर्माण आध्यात्मिक पर्यटन को नया आयाम देगा। संत रविदास लोक सागर, रानी दुर्गावती स्मारक जबलपुर, देवी लोक सलकनपुर सीहोर, रामराजा लोक ओरछा, जाम सांवली हनुमान लोक पांढुर्ना, पशुपतिनाथ लोक मंदसौर, परशुराम लोक जानापाव महू, महाराणा प्रताप लोक भोपाल, भादवा माता लोक नीमच, रानी अवंतीबाई स्मारक जबलपुर, माँ नर्मदा महालोक अमरकंटक अनूपपुर, देवी अहिल्या लोक खरगौन और नागलवाड़ी लोक बड़वानी में किया जा रहा है।

एक ओर जहां आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन समृद्ध हो रहा है वहीं दूसरी ओर फिल्म पर्यटन भी तेजी से बढ़ रहा है। फिल्म निर्माताओं को मध्यप्रदेश में आकर्षक सुविधाएं मिल रही हैं। कई प्रसिद्ध फिल्मों की शूटिंग मध्यप्रदेश में हुई है। इससे स्थानीय कलाकारों को फिल्मो में काम मिला। फिल्म यूनिट के सदस्यों को होम स्टे की सुविधाओं का लाभ मिला। होम स्टे की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। प्रदेश की ग्रामीण संस्कृति को देखने-समझने में होम स्टे अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। फिलहाल 100 पर्यटन ग्राम विकसित किए गए हैं, जिनमें से 63 पर्यटन ग्राम विकसित हो चुके हैं। इनमें 470 से ज्यादा होम स्टे हैं। देश के पहले हैंडलूम गाँव प्राणपुर को वैश्विक पहचान मिली है। गॉड, भील पेंटिंग और मांडना आर्ट जैसी जनजातीय कलाओं से पर्यटक परचित हुए हैं।

हमारा लक्ष्य है कि पर्यटन उद्योग का निरंतर विस्तार हो, ताकि पर्यटन की संभावनाओं को पूरी तरह रोजगार सृजन के लिये उपयोग किया जा सके। वर्ष 2024 में 13 करोड़ 41 लाख से ज्यादा पर्यटक प्रदेश में आये, जो एक रिकार्ड है। विदेशी पर्यटकों की संख्या भी बढ़ रही है। बांधवगढ़, कान्हा, पन्ना और पेंच में आवागमन बढ़ा है। जिस प्रकार मध्यप्रदेश ने आर्थिक निवेश के द्वार खोले हैं, पर्यटन क्षेत्र पर इसका सीधा प्रभाव पड़ा है। स्थानीय समुदाय की भागीदारी, उद्योग समूहों के सहयोग और राज्य सरकार की प्रतिबद्धता से पर्यटन का क्षेत्र मध्यप्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

**-लेखक मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन हैं।**

# हिंदू धर्म में महालक्ष्मी व्रत का विशेष महत्व



हिंदू धर्म में महालक्ष्मी व्रत का विशेष महत्व है। महालक्ष्मी व्रत 16 दिनों तक रखे जाते हैं। भाद्रपद माह में शुक्ल पक्ष अष्टमी के दिन से श्री महालक्ष्मी व्रत आरंभ हो जाते हैं और आश्विन माह में कृष्ण पक्ष में अष्टमी तिथि को यह व्रत संपन्न होते हैं। मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने और जीवन में सुख-समृद्धि प्राप्त करने के लिए श्री महालक्ष्मी व्रत किया जाता है। इस व्रत में मां लक्ष्मी की विधि विधान से पूजा-अर्चना करने से उनकी कृपा बनी रहती है। समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस व्रत में अन्न ग्रहण नहीं किया जाता है। 16वें दिन महालक्ष्मी व्रत का उद्यापन किया जाता है। इस व्रत को काफी शुभ माना जाता है। मान्यता है कि जिस घर की महिलाएं इस व्रत को रखती हैं, उस घर में पारिवारिक शांति हमेशा बनी रहती है। इस साल महालक्ष्मी व्रत 31 अगस्त 2025 से शुरु हो जाएंगे और संपूर्ण 14 सितंबर 2025 को होंगे।

## श्रीमहालक्ष्मी व्रत में सोलह का विशेष महत्व

इस व्रत में सोलह बार तर्पण, सोलह दीपक, सोलह बोल की कहानी, सोलह श्रृंगार, सोलह दिन का व्रत, सोलह दूर्वा, सोलह डुबकी लगाने का विधान है।

**प्रदोष काल में की जाती है पूजा**

इस व्रत में प्रदोष काल में की गई पूजा को शुभ बताया गया है।

**मां लक्ष्मी पूजन की सामग्री :**

महालक्ष्मी व्रत के दौरान पूजा के लिए कलश, घी, दीपक, फल-फूल,सुपारी, हल्दी की गांठ, रोली, कुमकुम, कपूर, पंचामृत, पान,लाल कपड़ा, 16 श्रृंगार की सामग्री, धूपबत्ती, नारियल, खीर, समेत पूजा की सभी सामग्री एकत्रित कर लें।



**महालक्ष्मी व्रत के नियम :**

महालक्ष्मी का व्रत 16 दिनों के लिए किया जाता है। इस दौरान खट्टी और नमक वाली चीजों के सेवन की मनाही होती है। इसके साथ ही 16 दिनों तक सुबह-शाम मां लक्ष्मी की पूजा-आराधना करें। महालक्ष्मी व्रत में व्रती के साथ परिवार के सदस्यों को भी तामसिक भोजन का सेवन न करें। केवल सात्विक भोजन करें।

# कलाई की रेखाएं क्या देती हैं संकेत?



हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार, व्यक्ति की हथेली पर मौजूद रेखाओं और चिन्हों का किस्मत के साथ गहरा कनेक्शन होता है। व्यक्ति के हाथ की रेखा,चिन्ह और उंगलियों की बनावट के माध्यम से प्रेम, कैरियर, स्वास्थ्य समेत जीवन के विभिन्न पहलुओं से जुड़े कई शुभ-अशुभ घटनाओं के बारे में अनुमान लगाया जा सकता है। हथेली पर मौजूद रेखाओं के अलावा कलाई की रेखाएं भी व्यक्ति से जुड़े कुछ विशेष पहलुओं की ओर इशारा करती हैं।

हाथ की हथेली और कलाई जहां पर जुड़ती है, वहां मौजूद रेखाओं को ब्रेसलेट लाइन कहा जाता है।

ब्रेसलेट लाइन को व्यक्ति की आयु से जोड़कर देखा जाता है। मान्यता है कि ब्रेसलेट लाइन जितनी गहरी और स्पष्ट होती है व्यक्ति उतना ही हेल्दी होता है। आइए जानते हैं ब्रेसलेट लाइन के बारे में कुछ विशेष बातें...

## कितनी होगी उम्र

यही भी कहा जाता है कि व्यक्ति की ब्रेसलेट लाइन जितनी लंबी होती है। उसकी आयु उतनी ही लंबी होती है। आमतौर पर व्यक्ति की कलाई पर 2-3 ब्रेसलेट लाइन होती है। मान्यता है कि जिन लोगों की कलाई पर 3 ब्रेसलेट लाइन है। ऐसे लोगों का स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहता है। जीनव सुख-सुविधाओं में व्यतीत होता है। ऐसे व्यक्ति की आयु लगभग 75 वर्ष मानी जाती है। वहीं, जिन लोगों के कलाई पर 2 ब्रेसलेट लाइन होती है। मान्यता है कि ऐसे लोगों की उम्र 50 साल तक हो सकती है। वहीं, 4 ब्रेसलेट लाइन वाले व्यक्ति को बहुत सौभाग्यशाली माना गया है। मान्यता है कि ऐसे लोग दीर्घायु होते हैं।

## अच्छे हेल्थ का संकेत

मान्यता है कि यदि कलाई की पहली रेखा साफ और सीधी है। किसी भी तरह से कटी-फटी नहीं है, तो इसका मतलब है कि व्यक्ति का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। वहीं,कटी-फटी और धुंधली रेखा खराब स्वास्थ्य का संकेत मानी जाती है।

# मेहंदी का रंग नहीं चढ़ता गाढ़ा तो अपनाएं ये कमाल के टिप्स

त्योहारों पर महिलाएं एक से बढ़कर एक खूबसूरत डिजाइन हाथों-पैरों पर लगवाती हैं। लेकिन मेहंदी छुड़ाने के बाद अगर इसका रंग गाढ़ा नहीं चढ़ता तो बहुत बुरा लगता है। खासतौर पर अगर किसी लड़की की शादी होने वाली है और उसके हाथों पर मेहंदी का रंग गाढ़ा नहीं चढ़ता है तो सबसे ज्यादा खराब लगता है। मेहंदी के रंग को गाढ़ा करने और लंबे समय तक इस रंग को बरकरार रखने के लिए इन आसान से घरेलू टिप्स को आजमाएं। जिनकी मदद से मेहंदी ना केवल गाढ़ी चढ़ती है बल्कि उसका रंग भी जल्दी नहीं उतरता है।



### लौंग की भाप

लौंग को लोहे के तवे पर रखकर गर्म करने से जो भाप निकलती है। उसमे हाथ-पैर की सिंकाई करें। ऐसा करने से भी मेहंदी का रंग काला होने में मदद मिलती है और रंग कई दिनों तक चढ़ा रहता है।

### सरसों का तेल

सरसों के तेल को मेहंदी सुखाने के बाद हाथों-पैरों पर लगाने से भी रंग गाढ़ा चढ़ता है और मेंहदी लंबे समय तक टिकी रहती है।

### मेहंदी का तेल

मार्केट में आसानी से मेहंदी का तेल मिल जाता है। इस तेल को लगाने से भी मेहंदी का रंग गाढ़ा चढ़ता है और आसानी से नहीं छूटता। तो करवा चौथ पर या वेडिंग सीजन में हाथों पर मेहंदी सजाने वाली हैं तो रंग गाढ़ा करने के इन कमाल के टिप्स को जरूर आजमाकर देखें। मेहंदी का रंग लंबे समय तक टिका रहेगा।

### विक्स लगाएं

काफी सारे मेहंदी आर्टिस्ट बताते हैं कि मेहंदी लगाने के बाद जब ये पूरी तरह से सूख जाए तो उसके ऊपर विक्स लगा लेनी चाहिए। विक्स में नीलगिरी का तेल जैसे इंग्रीडिएंट्स मौजूद होते हैं। जो मेहंदी के रंग को गाढ़ा करने में मदद करते हैं।

### लगाएं पेनकिलर स्प्रे

कुछ मेहंदी आर्टिस्ट इस नुस्खे को आजमाते हैं और वोलिन जैसे पेनकिलर स्प्रे को मेहंदी सूखने के बाद स्प्रे करते हैं। जिससे मेहंदी का रंग गाढ़ा चढ़ता है।

# खाने में बटर का इस्तेमाल करने से पहले जानें ये टिप्स




**1) हीट लेवल को देखें-** मक्खन के जलने के पीछे मुख्य कारणों में से एक बहुत ज्यादा हीट लेवल है। ऐसे में जब भी आप इसे इस्तेमाल करें तो अपने पैन को मध्यम आंच पर गर्म करें और फिर मक्खन डालें। मक्खन के पिघलते समय उसे देखते रहें। ज्यादा तेज आंच पर इसे न रखें क्योंकि मक्खन बहुत जल्दी भूरा हो सकता है और जल सकता है।

**2) तेल के साथ करें मिक्स -** इसे जलने से रोकने के लिए मक्खन को पिघलाने से पहले पैन में जरा सा तेल का डालें। तेल मक्खन को सुरक्षित रखने में मदद करता है और जलने से कुछ हद तक बचा सकता है। आप किसी भी वेजिटेबल ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं इससे स्वाद खराब नहीं होगा।

**3) मक्खन के रंग को देखें -** जैसे-जैसे मक्खन गर्म होता है, यह झाग बनने और भूरा होने लगता है। मक्खन के पिघलते समय उसके रंग और सुगंध पर कड़ी नजर रखें। जब मक्खन हल्के सुनहरे भूरे रंग का होने लगे, तो इसे आंच से उतारें।

# अध्ययन के लिए लंबे समय तक ध्यान और एकाग्रता जरूरी

**माता- पिता अकसर अपने बच्चों की इस आदत से परेशान रहते हैं कि एग्जाम टाइम में पढ़ने के लिए बैठते ही उनकी आंखों में नींद भर जाती है, लेकिन यही बच्चा घंटों टीवी या मोबाइल को बिना पलक झपकाए टकटकी लगाए देखता रहता है। अगर आपकी भी अपने बच्चे से यही शिकायत है,तो उसे बिना डांटे-मारे ये कुछ पेरेंटिंग टिप्स अपनाकर अपनी इस शिकायत को दूर कर सकते हैं। दरअसल, बच्चों का मन बेहद चंचल होता है। ऐसे में उनका पढ़ाई के बीच में से बार-बार उठना या ध्यान भटकाना स्वाभाविक होता है। उन्हें एक अच्छे अध्ययन के लिए लंबे समय तक ध्यान और एकाग्रता की आवश्यकता होती है। आइए आज के पेरेंटिंग टिप्स में जानते हैं बच्चे को पढ़ाई के बीच में नींद लेने से कैसे रोका जा सकता है।**



### बच्चे के नींद लेने के घंटों का एक रूटीन सेट करें

बच्चे के शरीर में ऊर्जा का स्तर अच्छा बनाए रखने के लिए सबसे पहले उसकी नींद का शेड्यूल तय करें। इसके लिए बच्चे का टाइम टेबल ऐसा बनाएं, जिसमें उसके उठने और सोने का एक निश्चित समय तय हो। ऐसा करने से बच्चे के शरीर की आंतरिक घड़ी को विनियमित करने में मदद मिलती है, जिससे बच्चे की नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है। बच्चे के साथ अपनाया गया ये उपाय पढ़ाई के दौरान उसे नींद आने की संभावना को कम कर सकता है।

### नियमित समय पर ब्रेक लें

लंबे समय तक बिना ब्रेक लिए लगातार पढ़ने से बच्चे को मानसिक थकान और नींद आ सकती है। ऐसे में इस समस्या से राहत पाने के लिए पोमोडोरो तकनीक का उपयोग करें। इस तकनीक में 25 मिनट तक अध्ययन करने के बाद 5 मिनट का ब्रेक लें। ब्रेक के दौरान बॉडी में एनर्जी लेवल बनाए रखने के लिए स्ट्रेच करें या घर का एक चक्कर लगाकर आ जाएं।

### हेल्दी डाइट के साथ हाइड्रेटेड भी रहें

शरीर में पानी की कमी और अनहेल्दी भोजन करने से बच्चे को थकन महसूस हो सकती है। ऐसे में अध्ययन करते समय बीच-बीच में खूब पानी पिएं स्नैक्स में नट्स, फल या दही जैसी चीजों को शामिल करें। पढ़ने से पहले कभी भी कार्ब रिच फूड का सेवन ना करें। ऐसा भोजन करने से आपको सुस्ती और नींद आ सकती है।

# जानें निगेटिव विचारों को कैसे करें दूर

**हमारे मन में अक्सर अच्छे-बुरे ख्याल चलते रहते हैं, लेकिन क्या आप भी उन लोगों में से हैं जो बुरे विचारों को खत्म करके सिर्फ अच्छे विचारों को अपने दिमाग में रखना चाहते हैं? तो आपको सद्गुरू की इस बात को मान लेना चाहिए। अपनी एक पुरानी वीडियो में सद्गुरी ने निगेटिव विचारों कों खत्म करने के बारे में बताया है।**

### क्या कहते हैं सदगुरू

कुछ लोग अपने दिमाग से निगेटिव विचारों को हटाकर सिर्फ पॉजिटिव विचारों पर ध्यान देने की कोशिश करते हैं। हालांकि, सदगुरू का कहना है जब आप किसी चीज को जबरदस्ती करने की कोशिश करते हैं तो आप उसके बारे में कई गुणा ज्यादा सोचने लगते हैं। सदगुरु कहते हैं कि आप जिस चीज को अपनी लाइफ से मिटाना चाहते हैं वह आपकी क्वालिटी बन सकता है और आप फिर हमेशा उसके ही बारे में सोचेंगे।



### दिमाग के काम करने के तरीके को समझें

सद्गुरु का मानना है कि अगर आप दिमाग से किसी भी चीज को निकालने की कोशिश करते हैं तो सबसे पहले दिमाग के काम करने के तरीके को समझें। उनका कहना है कि हमारे दिमाग में घटाने या फिर भाग करने जैसा कुछ नहीं है बल्कि सिर्फ जोड़ना और गुणा करना है। जब आप कुछ करने का सोचते हैं तो ये आपसे काम को एक बार और करने को कहेगा। अगर आप कड़ी मेहनत करेंगे तो यह और भी ज्यादा हो जाएगा। इस तरह के दिमाग के साथ आप ये नहीं पहचान पाएंगे की क्या निगेटिव है और क्या पॉजिटिव। इसके लिए आपको ये समझना होगा की ये दिमाग आपकी सेवा में है।

### जीवन का करें अनुभव

सद्गुरु कहते हैं कि जब आप अपनी आंखें बंद करते हैं तो आप खुद को नहीं देख सकते हैं लेकिन इसका मतलब ये नहीं की आपका अस्तित्व खो नहीं जाता है। अपने भावनाओं और विचारों से परे भी आप मौजूद हैं। तो जो जीवन आप हैं उसका अनुभव करने की जरूरत है। वह कहते हैं कि जीवन का सबसे जरूरी पहलू ये हैं कि आप और मैं इस समय जीवित हैं।

# सुबह की सैर स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी

**सुबह की सैर हमारे शारीरिक,मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी मानी जाती है। यह एक साधारण क्रिया दिख सकती है, लेकिन इसके पीछे गहरे वैज्ञानिक और आध्यात्मिक कारण छिपे होते हैं। दोनों दृष्टिकोणों से सुबह की सैर की महत्ता को समझने के लिए आइए इसे विस्तार से जानें।**

### वैज्ञानिक दृष्टिकोण

वैज्ञानिक रूप से सुबह की सैर को स्वस्थ जीवनशैली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। सुबह के समय हवा शुद्ध होती है, जिसमें ऑक्सीजन का स्तर उच्च होता है और प्रदूषण कम होता है। यह हमारे श्वसन तंत्र के लिए बेहद लाभकारी होता है।

**शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव:**

हृदय स्वास्थ्य : सुबह की सैर से हृदय की धड़कन सामान्य रहती है और रक्त संचार में सुधार होता है, जिससे हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा कम होता है।

**मांसपेशियों की मजबूती:**

लगातार चलने से शरीर की मांसपेशियां सक्रिय रहती हैं, जो शारीरिक मजबूती और सहनशक्ति को बढ़ाती हैं।

**मधुमेह और मोटापा:**

नियमित रूप से सुबह की सैर करने से रक्त शर्करा का स्तर नियंत्रित रहता है और वजन घटाने में मदद मिलती है। यह मधुमेह और मोटापे जैसे रोगों के नियंत्रण में सहायक है।

**मस्तिष्क पर प्रभाव:**

सुबह की सैर से मस्तिष्क में ऑक्सीजन का प्रवाह बढ़ता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। यह अवसाद और चिंता के लक्षणों को कम करने में मदद करता है।

**मन और मस्तिष्क के लिए लाभ:**

सुबह की ताजी हवा में टहलने से मस्तिष्क में एंडोर्फिन जैसे रसायनों का स्राव होता है, जो "फील गुड" हार्मोन माने जाते हैं। यह तनाव को कम करने और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने में सहायक होता है। वैज्ञानिक अध्ययनों में यह भी पाया गया है कि सुबह की सैर से नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है और मनुष्य की उत्पादकता बढ़ती है।

### आध्यात्मिक दृष्टिकोण

आध्यात्मिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो सुबह की सैर न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करती है, बल्कि आत्मा और मन को भी शांति प्रदान करती है।

**1. प्रकृति के साथ सामंजस्य:**

सुबह का समय सबसे शांत और पवित्र माना जाता है। यह वह समय होता है जब सारा वातावरण शांत रहता है और प्रकृति अपनी पूरी सुंदरता में खिली होती है। सुबह की सैर के दौरान हम प्रकृति से जुड़ते हैं और उसके साथ एक गहरा संबंध स्थापित करते हैं। भारतीय योग और वेदों में बताया गया है कि प्रात :काल में सूर्योदय के समय चलना मन और आत्मा को शुद्ध करता है।



**2. ध्यान और ध्यानपूर्वक चलना:**

सुबह की सैर को ध्यान की एक क्रिया के रूप में भी देखा जा सकता है। जब हम शांत मन से चलने के दौरान अपनी श्वास-प्रश्वास पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो यह ध्यान की स्थिति उत्पन्न कर सकती है। इससे व्यक्ति के विचारों की स्पष्टता बढ़ती है और मानसिक संतुलन प्राप्त होता है। आध्यात्मिक गुरुओं का मानना है कि सुबह की सैर से व्यक्ति अपने अंदर की शांति को पहचानने में सक्षम होता है।

**3. आध्यात्मिक ऊर्जा का संग्रह:**

भारत में प्राचीन काल से कहा गया है कि ब्रह्म मुहूर्त (सुबह 4 से 6 बजे के बीच का समय) आत्मा के शुद्धिकरण के लिए सबसे उपयुक्त होता है। इस समय वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जिसे हम सुबह की सैर के दौरान ग्रहण कर सकते हैं। यह ऊर्जा दिनभर हमें शक्ति और स्फूर्ति प्रदान करती है।

सुबह की सैर के फायदों को समझने के बाद यह जानना भी आवश्यक है कि कितना पैदल चलना उचित होता है ताकि इसका अधिकतम लाभ मिल सके। विभिन्न अध्ययनों और विशेषज्ञों की राय के अनुसार, सुबह की सैर का सही तरीका और समय भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### कितना पैदल चलना चाहिए?

**1. समय और दूरी:** स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, प्रतिदिन 30 से 45 मिनट की सैर पर्याप्त होती है। यह लगभग 3 से 5 किलोमीटर की दूरी तय करने के बराबर होता है, जो स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए आदर्श मानी जाती है। शुरुआती दिनों में 15 से 20 मिनट तक चलने से शुरू करना ठीक होता है और धीरे-धीरे इसे बढ़ाकर 30-45 मिनट तक ले जाना चाहिए।

**2. गति:** सैर की गति भी महत्वपूर्ण होती है। मध्यम गति से चलना, यानी न बहुत तेज और न बहुत धीमी चाल, स्वास्थ्य के लिए सबसे लाभकारी माना जाता है। लगभग 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलना अच्छा होता है। इससे हृदय और श्वसन तंत्र पर बेहतर प्रभाव पड़ता है।

**3. रोजाना सैर की आवृत्ति:** सप्ताह में कम से कम 5 दिन सुबह की सैर करने की सलाह दी जाती है। इससे शरीर में एक नियमित दिनचर्या का विकास होता है, जो स्वास्थ्य के दीर्घकालिक लाभों के लिए आवश्यक है। हालाँकि, यह ध्यान रखना चाहिए कि अगर किसी व्यक्ति को किसी विशेष स्वास्थ्य समस्या (जैसे हृदय रोग, घुटने की समस्या) है, तो उन्हें डॉक्टर की सलाह से अपनी सैर की दिनचर्या तय करनी चाहिए।

**4. व्यक्तिगत स्वास्थ्य के अनुसार सैर:** किसी व्यक्ति की शारीरिक क्षमता, उम्र और स्वास्थ्य स्थिति के आधार पर सैर का समय और दूरी बदल सकती है। वरिष्ठ नागरिकों या कमजोर लोगों को छोटी दूरी से शुरुआत करनी चाहिए और धीरे-धीरे इसे बढ़ाना चाहिए।

वहीं, युवा और स्वस्थ लोगों को थोड़ा और अधिक समय निकालने का प्रयास करना चाहिए ताकि उनका शरीर सही तरीके से फिट रहे।

# पटरी पार खेल महोत्सव का भव्य समापन, राष्ट्रीय खेल दिवस पर मैदान में दिखा उत्साह

**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** पटरी पार क्षेत्र के चिखली स्कूल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय खेल महोत्सव का समापन सोमवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हुआ। रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा छत्तीसगढ़ हॉकी के मार्गदर्शन में आयोजित इस महोत्सव में क्षेत्र के सैकड़ों बच्चों ने हिस्सा लिया।



हॉकी से लेकर दौड़, रस्सीकूद, पेंटिंग और भाषण तक विभिन्न प्रतियोगिताओं से सजा चिखली मैदान, इन तीन दिनों तक बच्चों की ऊर्जा और खेल भावना से गूंजता रहा। समापन अवसर पर मैदान में भारी भीड़ देखने को मिली, जिसमें अभिभावकों और स्थानीय लोगों की भागीदारी भी उत्साहजनक रही।

खेल महोत्सव के समापन समारोह में एएसपी राहुल देव शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा एवं सुनील साहू मंचासीन रहे। अतिथियों ने प्रतियोगिताओं के विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

महोत्सव की शुरुआत 29 अगस्त को फिटनेस जागरूकता रैली से हुई, जिसमें चिखली, शंकरपुर, शांति नगर, ढाबा, स्टेशनपारा और दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के बच्चों ने फिट रहें-स्वस्थ रहें का नारा लगाते हुए पूरे क्षेत्र में जागरूकता फैलाई।

इसी दिन मेजर ध्यानचंद जयंती पर आयोजित संगोष्ठी में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, वरिष्ठ खिलाड़ी गोविंद यादव, संतोष साहू और दिग्विजय श्रीवास्तव ने मेजर ध्यानचंद के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंग साझा किए।

पहले दिन शांतिनगर, चिखली, शंकरपुर और ढाबा की टीमों के बीच हॉकी का मैत्री मैच खेला गया, जिसमें शांतिनगर की टीम विजयी रही। मैच के बाद सभी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर के खेल सेमिनार में भाग लेने के लिए रायपुर रवाना किया गया। सेमिनार में स्पोर्ट्स इंजुरी, मेंटल हेल्थ, न्यूट्रिशन और करियर गाइडेंस जैसे विषयों पर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन मिला।

महोत्सव के दूसरे दिन 100 मीटर दौड़ में बच्चों ने तेज़ी और तकनीक का शानदार प्रदर्शन किया। तीसरे दिन बच्चों ने रस्सीकूद, भाषण और पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी रचनात्मकता और आत्मविश्वास का परिचय दिया।

अंतिम दिन साइकिल रैली के माध्यम से बच्चों ने स्वस्थ जीवनशैली का संदेश देते हुए पूरे क्षेत्र में रैली निकाली। रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी की यह पहल न सिर्फ खेल आयोजन भर रही, बल्कि यह पटरी पार क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने वाला एक ऐतिहासिक प्रयास बनकर उभरा। पहली बार इस क्षेत्र के इतने बच्चे किसी राष्ट्रीय सेमिनार में शामिल हुएए जो आने वाले वर्षों में उनके लिए नई संभावनाओं के द्वार खोल सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला शिक्षा अधिकारी से मिले सहायक शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारी



**साजा ( समय दर्शन )।** नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा से सोमवार को छतीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला बेमेतरा इकाई से जिला और ब्लॉक पदाधिकारियों द्वारा गुलदस्ता भेंट कर बधाई देते हुए औपचारिक चर्चा की गई। मुलाकात करने प्रांतीय कार्यकारिणी अध्यक्ष बसन्त कौशिक,जिला अध्यक्ष अशोक कुमार धुर्वे,ब्लॉक अध्य्क्ष साजा अजय यादव, ब्लॉक अध्य्क्ष नवागढ़ दिलबाग सिंग,जिला सचिव गेंदराम वर्मा, जिला प्रवक्ता कमल शर्मा,तारन दास मानिकपुरी,पोखन साहू,बाबूलाल गोयल,ओम नारायण साहू,धनेश रजक ,शिवराज ध्रुव,राजा वर्मा ,जितेंद्र साहू पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

### सिट्रॉएन इंडिया ने व्यापक खुदरा और डीलर वित्त समाधान प्रदान करने के लिए एचडीएफसी बैंक के साथ की साझेदारी

**नईदिल्ली।** वाहन स्वामित्व को सरल बनाने और ग्राहकों और डीलरों दोनों के लिए वित्तीय पहुँच बढ़ाने के साझा दृष्टिकोण के साथ सिट्रॉएन इंडिया ने सर्वश्रेष्ठ खुदरा और डीलर वित्त समाधान प्रदान करने के लिए भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफ्सी बैंक के साथ साझेदारी की है। यह रणनीतिक कदम स्टेलंटिस-एचडीएफ्सी गठबंधन को और मजबूत करता है, जिससे एचडीएफ्सी बैंक भारत में जीप, मासेराती और अब सिट्रॉएन सहित सभी स्टेलंटिस ब्रांडों के लिए एकमात्र पसंदीदा वित्तपोषक बन गया है। इस समझौता ज्ञापन पर स्टेलंटिस इंडिया के बिजनेस हेड और डायरेक्टर - स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप्स × इंस्टीटूशनल बिज़नेस, श्री शिशिर मिश्रा और एचडीएफ्सी बैंक के बिजनेस हेड - ऑटो लोन, इन्वेंट्री फाइनेंस और टू-व्हीलर लोन, श्री अखिलेश कुमार रॉय ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर स्टेलंटिस इंडिया और एचडीएफ्सी बैंक के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। एचडीएफ्सी बैंक की व्यापक पैन -इंडिया पहुँच और दो दशकों से अधिक समय से सबसे भरोसेमंद ऑटोमोबाइल फाइनेंसरों में से एक के रूप में सिद्ध विरासत के साथ, यह गठजोड़ सिट्रॉएन ग्राहकों और डीलर भागीदारों दोनों को मजबूत वित्तीय सहायता प्रदान करता है। ग्राहकों के लिए यह साझेदारी प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों और लचीले पुनर्भुगतान विकल्पों के साथ बढ़ी हुई सुविधा और पहुँच प्रदान करती है। एचडीएफ्सी एक्सप्रेस कार लोन इसकी एक प्रमुख विशेषता है, जो उद्योग में अग्रणी समाधान है और 100 प्रतिशत डिजिटल इंटरफ़ेस के माध्यम से 30 मिनट में ऋण वितरण प्रदान करता है, जिससे किसी भी प्रकार के भौतिक दस्तावेज़ीकरण की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। यह कार खरीदने की प्रक्रिया को आसान, तेज़ और ग्राहक-अनुकूल बनाता है।

### सेम्प्रे न्युट्रिशन्स लिमिटेड ने तोलाराम वेलनेस लिमिटेड के साथ 10 करोड़ रुपये प्रति वर्ष मूल्य के मेन्युफेक्चरिंग एग्रिमेन्ट पर हस्ताक्षर किए

**मुंबई :** सेम्प्रे न्युट्रिशन्स लिमिटेड, लिडिंग कन्फेक्शनरी मेन्युफेक्चरिंग, सेम्प्रे न्यूट्रिशन्स लिमिटेड ने आज अनाउन्समेन्ट की है कि कंपनी ने 16 अगस्त, 2025 को नाइजीरिया की तोलाराम वेलनेस लिमिटेड के साथ एक मेन्युफेक्चरिंग एग्रिमेन्ट किया है। इस करार के तहत, सेम्प्रे न्यूट्रिशन्स, स्पेसिफिकेशन्स और क्वोलिटी स्टान्डर्स के अनुसार, तोलाराम वेलनेस को न्यूट्रास्युटिकल और खाद्य उत्पादों का निर्माण और आपूर्ति करेगा। इस एग्रिमेन्ट से 10 करोड़ रुपये का वार्षिक कारोबार होने की उम्मीद है, जो तीन वर्षों में लगभग 30 करोड़ रुपये तक बढ़ जाएगा। यह एग्रिमेन्ट सेम्प्रे के राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान देगा और इसके न्यूट्रास्युटिकल और खाद्य निर्माण कार्यों को मजबूत करेगा। अनुबंध की शर्तों में 50 प्रतिशत अग्रिम भुगतान और बेलेन्स ओन डिस्पेन्स पर शामिल है; ट्रान्सपोर्टेशन तोलाराम वेलनेस द्वारा किया जाएगा। यह एग्रिमेन्ट एक रिलेटेड पार्टी ट्रान्झेक्शन नहीं है और कार्यान्वयन के अनुसार, तोलाराम वेलनेस की सेम्प्रे न्यूट्रिशन्स में कोई हिस्सेदारी नहीं है। इसके अलावा, कंपनी ने हाल ही में न्यूट्रास्युटिकल और खाद्य उत्पादों के निर्माण के लिए 19 अगस्त, 2025 को रामा एक्सपोर्ट्स के साथ तीन साल का विनिर्माण समझौता किया है। इस समझौते के तहत, सेम्प्रे न्यूट्रिशन्स उत्पादों के मेन्युफेक्चरर, सप्लाय, क्वोलिटी अस्योरन्स और पैकेजिंग के लिए ज़िम्मेदार होगा, जो कंपनी के ब्रांड स्पेसिफिकेशन्स और ट्रेडमार्क के पूर्ण अनुपालन में होगा। इस समझौते से इस अवधि के दौरान 15 करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान है, जो न्यूट्रास्युटिकल और फुड सेक्टर में सेम्प्रे की परिचालन क्षमता और दीर्घकालिक साझेदारी के प्रति प्रतिबद्धता को और मज़बूत करेगा।

# छत्तीसगढ़ के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने जुटे सामाजिक संगठन और निजी कंपनी, कौशल विकास पर हुई अहम बैठक



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार, प्रशिक्षण और नेतृत्व के क्षेत्र में सशक्त बनाने के उद्देश्य से ऑल वॉलंट्री एसोसिएशन फाउंडेशन (आलवा) द्वारा कुशपाल स्थित कार्यालय में सोमवार को एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक का विषय था-कौशल विकास और युवा शक्ति का समुचित उपयोग। कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन डॉ. हेमशंकर जेठमल साहू ने की। बैठक में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए 20 से अधिक युवा प्रतिनिधियों और संगठनों ने भाग लिया। खास बात यह रही कि इस बैठक में संगम सात्विक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सदस्य भी विशेष रूप से शामिल हुए। इनमें त्रिलोक सिंह ठाकुर, निशांत साहू, सोनू बाबू साहू, विवेक साहू, सुनील कुमार साहू, कुंवर कुमार साहू और दीपक कुमार साहू प्रमुख थे।

बैठक में युवाओं को जागरूक करने, उन्हें रोजगार से जोड़ने और तकनीकी कौशल प्रदान करने पर गहन चर्चा हुई। प्रतिनिधियों ने कहा कि राज्य के युवाओं में असीम ऊर्जा और क्षमता है, लेकिन उन्हें सही मार्गदर्शन और मंच की कमी है। खासकर ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों के युवा कौशल विकास के अवसरों से वंचित रह जाते हैं। इस मौके पर संगम सात्विक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने और उन्हें रोजगारपरक शिक्षा से जोड़ने का प्रस्ताव भी रखा। कंपनी के प्रतिनिधियों ने युवाओं को स्टार्टअप इकोसिस्टम, डिजिटल लर्निंग, और आईटी स्किल्स से जोड़ने की जरूरत पर बल दिया।

बैठक के दौरान डॉ. हेमशंकर जेठमल साहू ने कहा, युवाओं को केवल नौकरी ढूंढने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाना होगा। आज की पीढ़ी में तकनीक की समझ, नई सोच और ऊर्जा है। जरूरत है उन्हें सही दिशा देने की। हमारा लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ के हर युवा को कौशल विकास और नेतृत्व का अवसर मिले। इसके लिए आलवा और संगम सात्विक मिलकर ठोस कार्ययोजना पर काम करेंगे।

फाउंडेशन की ओर से बताया गया कि आने वाले समय में युवाओं के लिए करियर काउंसलिंग कार्यशालाएं, कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम और नेतृत्व विकास शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनका मकसद युवाओं को न सिर्फ नौकरी के लिए तैयार करना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाना भी है।

बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि आलवा और संगम सात्विक प्राइवेट लिमिटेड मिलकर युवाओं के कौशल विकास, रोजगार सृजन और नेतृत्व निर्माण के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करेंगे।

इस बैठक को खास इसलिए भी माना जा रहा है क्योंकि इसमें सामाजिक संगठनों, निजी क्षेत्र और युवाओं के प्रतिनिधियों ने एक साथ मिलकर छत्तीसगढ़ के भविष्य को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# मल्लखंब में जिले के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

### दो खिलाडी नेशनल चैम्पियनशिप के लिए चयनित,खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित




**बलौदाबाजार ( समय दर्शन )।** जिले के मल्लखम्भ खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया वहीं दो खिलाडी दुष्यंत घृतलहरे और अनाया ठाकुर का चयन उज्जैन में होने वाली राष्ट्रीय मल्लखंब चैंपियनशिप के लिए हुआ है। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को गुलदस्ता देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया ।उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी। 25 वीं राज्य स्तरीय मल्लखंब प्रतियोगिता कोंडागांव, नारायणपुर (छत्तीसगढ़) में 28 अगस्त से 31 अगस्त तक आयोजित हुआ। इस प्रतियोगिता में शासकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास बलौदाबाजार के खिलाड़ियों ने रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए टीम चैम्पियनशिप में दूसरा स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया ।दुष्यंत और अनाया ने व्यक्तिगत वर्ग में तृतीय स्थान हासिल कर ब्रॉनज मेडल जीता ।टीम चैंपियनशिप में रायपुर संभाग ने बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान और बालक वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया ।आल राउंड चैंपियनशीप मे भी अनाया और दुष्यंत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।रायपुर संभाग से चयनित 6 खिलाड़ियों में अनाया ठाकुर, अंजली यादव, दुष्यंत घृतलहरे, हरिओम ढीही, नरेश गेंद्रे और अभिषेक कोसरिया शामिल थे।

# आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत सभी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाएं- कलेक्टर



**बलौदाबाजार ( समय दर्शन )।** मास्टर ट्रैनर एवं स्वयं सेवकों को निर्धारित प्रशिक्षण देने के निर्देश कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार क़ो समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत विभागीय योजनाओं का लाभ पात्रता अनुसार सभी हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिये। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों को कर्मयोगी बनकर कार्य संपादन करने शपथ दिलाई।

कलेक्टर ने कहा कि आगामी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आदि सेवा पखवाड़ा चलेगा जिसमें जिले के 46 जनजातीय बाहुल्य गांव में योजनाओं का संतृप्तिकरण कर लोगों को लाभ पहुंचाया जयेगा। उन्होने अभियान के पूर्व विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रैनर एवं स्वयं सेवकों को समय पर प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये। आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत करीब 184 ब्लॉक मास्टर ट्रैनर का प्रशिक्षण 3 से 5 सितंबर तक़ जिला मुख्यालय स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र में दिया जाएगा। सभी ग्राम पंचायत आदि सेवा केंद्र होंगे। कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि अभियान के तहत जनजातीय बाहुल्य ग्राम पांचयतो के साथ ही अन्य पंचायतों में भी लोगों को योजनाओं से लाभान्वि करें। उन्होंने जर्ज़र स्कूल भवनो की समीक्षा करते हुए जिला मिशन समन्वयक को निर्देशित किया कि जर्ज़र भवन की फोटोग्राफऔर जानकारी सम्बधित प्रधानमंत्री पाठक से यूडाईस पोर्टल पर अपलोड कराएं ताकि मरम्मत हेतु राशि की स्वीकृति प्राप्त हो सके। उन्होंने जर्ज़र स्कूलों की जानकारी यूडाइस पर अपलोड नहीं करने वाले प्रधान पाठको पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए एक वर्ष से अधिक समय तक लंबित प्रकरणों का तेजी से निरकारण करने तथा गति शक्ति अभियान के तहत रेलवे ओवर ब्रिज एवं अंडर ब्रिज हेतु भू अर्जन के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने एग्रीस्टेक पंजीयन में छूटे हुए किसनों का पंजीयन शीघ्र कराने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिये ।इसके साथ ही नहर का पानी रोकने एवं नहरों को नुकसान पहुंचाने वालों पर नियमानुसर कार्यवाही करने कहा। बैठक में लोक सेवा गारंटी, सीपीग्राम्स, मुख्यमंत्री जनदर्शन, शिकायत शाखा, समय सीमा के आवेदनों का विस्तृत समीक्षा की गई।

# प्रेमराज पैरा होंगे नेशनल रैंकिंग टेबल टेनिस के उप मुख्य निर्णायक



**भिलाई (समय दर्शन)।** मध्यप्रदेश टेबल टेनिस संघ द्वारा इन्दौर में दिनांक 03.09.2025 से 05.09.2025 तक प्रथम पैरा नेशनल रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2025 आयोजित होने जा रही है। जिसमें टेबल टेनिस फैडरेशन ऑफ इंडिया ने भिलाई छत्तीसगढ़ के अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक एवं हनुमान सिंह अवॉर्ड से सम्मानित प्रेमराज जाचक को प्रतियोगिता का उप मुख्य निर्णायक बनाया गया है। आगे जानकारी देते हुए दुर्ग जिला टेबल टेनिस संघ सचिव उमेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि यह प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला के 9 अलग अलग वर्गों में कराई जाएगी। इस प्रतियोगिता में देश भर के लगभग 300 खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता के आधार पर ही खिलाड़ियों का चयन अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में किया जाता हैं। प्रेमराज जाचक डाक विभाग में कार्यरत है। इसके पूर्व में भी प्रेमराज जाचक ने देश विदेश में अनेक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में निर्णायक एवं मुख्य निर्णायक की भूमिका निभा चुके हैं। इस उपलब्धि के लिए जिला टे. टे. संघ अध्यक्ष नीरज पाल, चेयरमैन विकास कुमार गुप्ता एवं समस्त पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# कोड़िया में मेगा रक्तदान शिविर एवं रक्तवीर सम्मान समारोह का सफल आयोजन

**उतई/दुर्ग ( समय दर्शन )।** माय भारत दुर्ग से सम्बद्ध शौर्य युवा संगठन कोड़िया एवं कर्मवीर युवा संगठन कातरो के संयुक्त तत्वावधान में मेगा रक्तदान शिविर एवं शौर्य रक्तवीर सम्मान समारोह का आयोजन 31 अगस्त 2025 रविवार को गायत्री मंदिर हॉल कोड़िया में किया गया था।



शौर्य संगठन अध्यक्ष फलेंद्र पटेल ने बताया यह आयोजन संगठन के सचिव व रूंगटा आर 1 के सहायक प्राध्यापक आदित्य भारद्वाज एवं ग्राम पंचायत कातरो सरपंच जितेन्द्र सोनी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में संपन्न हुआ। शिविर का शुभारंभ गायत्री महायज्ञ के माध्यम से जन्मदिवस संस्कार एवं यंत्र पूजन कर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर 180 यूनिट रक्तदान किया। शिविर में रक्तदाताओं को यातायात सुरक्षा जागरूकता को लेकर हेलमेट, मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। साथ ही रक्तदान के लिए सक्रिय योगदान करने वाले 30 रक्तवीरों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में माय भारत छग के उपनिदेशक नितिन शर्मा, जनपद पंचायत दुर्ग उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, जिला पंचायत दुर्ग सभापति श्रद्धा साहू, पूर्व सभापति योगिता चंद्राकर, दुर्ग तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता, अतिरिक्त तहसीलदार हुलेश्वर खूंटे, सेवक जन फाउंडेशन अध्यक्ष व आशीर्वाद ब्लड बैंक निदेशक विकास जायसवाल, सोनू सूद फाउंडेशन दुर्ग जिला प्रमुख दीक्षा नागदेवे, गुरजीत सिंह, ज़िलेश चावड़ा, छाया विधायक कामेश्वर साहू, पत्रकारिता राज्य अलंकरण सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार नवभारत रोमशंकर यादव, सुरेंद्र शर्मा, हरिभूमि लेखराम सोनवानी, श्रमबिन्दु व तरुण छग देवेंद्र पटेल, छग क्रांति सेना जिला अध्यक्ष ऋषि साहू, कोड़िया सरपंच खुमान निषाद, उपसरपंच कुलेश्वर निर्मलकर, गायत्री परिवार हनोदा प्रमुख देवी प्रसाद साहू, समाजसेवी प्रेमचंद सोनबेर, बी आर साहू, करगाडीह सरपंच करन सेन, फत्तेलाल वर्मा, रामचरण भारद्वाज, गजराज सेन, शौर्य संगठन संरक्षक जेपी दीपक, उमेश साहू, दिनेश दीपक, गोवर्धन साहू, मलेश निषाद, संदीप यादव, खुमान भारद्वाज, नरोत्तम साहू, जीविका समूह अध्यक्ष ललेश्वरी साहू सहित क्षेत्र के विभिन्न गणमान्य शामिल हुए।

दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। उन्होंने कहा कि आप कितने भी अमीर बन जाएं या ऊँचे स्थान पर पहुँच जाएं, लेकिन जब रक्त की आवश्यकता होती है तो अंततः मनुष्य को मनुष्य के पास ही जाना पड़ता है, क्योंकि रक्त केवल मानव शरीर में ही बन सकता है। कलेक्टर ने जोर देकर कहा कि हमें कभी भी स्वयं को मानवता से ऊपर नहीं समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज की सेवा करना ही असली धर्म है। आज हम दूसरों की सेवा करेंगे तो कल कोई हमारी सेवा करेगा। उन्होंने शिविर के सफल आयोजन के लिए आयोजकों और स्वयंसेवकों को बधाई दी और इसे समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की मिसाल बताया।

वरिष्ठ पत्रकार नवभारत के रोमशंकर यादव ने अपने ओजपूर्ण वक्तव्य में शौर्य युवा संगठन के कार्यो की सराहना करते हुए नशे के कई स्वरूप होते हैं। कुछ नशे व्यक्ति को आर्थिक, शारीरिक और सामाजिक रूप से तबाह कर देते हैं, जबकि एक नशा ऐसा भी है जो सृजन और परोपकार की राह दिखाता है। यह नशा है समाजसेवा और मानवता की सेवा का। इस नशे में डूबा व्यक्ति समाज में सम्मान पाता है और दूसरों के जीवन में उम्मीद जगाता है।

नितिन शर्मा ने कहा कि रक्तदान करने वाले युवा ही असली रक्तवीर और समाज के नायक हैं। यह सिर्फ खून देना नहीं, बल्कि किसी को नई जिंदगी देने का साहसिक कदम है। उन्होंने कहा कि जब युवा अपने संकल्प और जोश के साथ ऐसे कार्यों में आगे आते हैं, तो समाज में एक नई ऊर्जा और उम्मीद पैदा होती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि इस सेवा को एक आंदोलन की तरह आगे बढ़ाएँ।

दुर्ग जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी ने शौर्य युवा संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संगठन समय-समय पर विविध सामाजिक गतिविधियाँ करता है, जो युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर में सम्मिलित होने वाले युवा वास्तव में सम्मान के पात्र हैं। ऐसे आयोजन न केवल समाज में मानवता की भावना को मजबूत करते हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करते हैं कि किसी भी जरूरतमंद भाई-बहन को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने विश्वास जताया कि यह सतत क्रम समाजहित में आगे भी जारी रहेगा।

जिला पंचायत दुर्ग सभापति श्रद्धा साहू ने अपने वक्तव्य में कहा कि रक्तदान करना केवल दान ही नहीं, बल्कि यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं ने इस नेक कार्य में जो उत्साह दिखाया है, वह सराहनीय है। ऐसे प्रयासों से समाज को नई दिशा मिलती है और यह विश्वास भी जगता है कि इंसानियत आज भी जीवित है।

पूर्व जिला पंचायत सभापति योगिता चंद्राकर ने कहा कि रक्तदान शिविर में आए रक्तवीर समाज को नई दिशा देने और मां भारती की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैसे पर्यावरण संरक्षण आज की आवश्यकता है, वैसे ही रक्तदान भी समय की सबसे बड़ी जरूरत है। निःसंदेह हमारे युवा भाई-बहन इस कर्तव्य का निर्वहन पूरी निष्ठा से कर रहे हैं।

## खबर-खास

## नक्सल प्रभावित गाँवों के बच्चों को मिला शिक्षा का उपहार

### रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम के द्वारा 260 बैग व अध्ययन सामग्री दिया गया

**गरियाबंद।** रामकृष्ण विवेकानंद आश्रम रायपुर के तत्वावधान में 1 सितंबर 2025 को गरियाबंद जिले के दूरस्थ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर कुल 260 स्कूल बैग,कॉपी-पेन्सिल सहित अध्ययन सामग्री 10 गाँवों के 13 प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों को रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन विवेकज्योति मासिक पत्रिका के संपादक स्वामी प्रपत्यानंद जी के निर्देशन में हुआ।जिन विद्यालयों में वितरण हुआ उनमें कुल्हाड़ीघाट, देवडोंगर, बेसराझर, तुहामेटा, कठवा, भालूकोना ,कोनारी, भाठाडिग्गी, गवरमुड़, चलकीपारा और जिड़ार शामिल रहे।इस सेवा कार्य में विशेष योगदान संकुल समन्वयक एसएल. कश्यप,लोहराकोट महाविद्यालय के अतिथि प्राध्यापक डॉ.कपिल चंद्रा,शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय गरियाबंद के डॉ.सत्यम कुम्भकार,शासकीय महाविद्यालय छुरा के डॉ. विनित साहू,समाजसेवी शीतल ध्रुव,द हाईट इंग्लिश मीडियम स्कूल मैनपुर की शिक्षिका गायत्री जगत, तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक रोहण बंजारे गौरव ध्रुव और योगेंद्र ठाकुर का रहा।बच्चों के साथ उनके शिक्षकों में भी उत्साह देखा गया, क्योंकि उन क्षेत्रों में बहुत कम संस्थाएँ ऐसे कार्यों के लिए पहुँच पाती हैं।ग्रामीणों और शिक्षकों ने आश्रम के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल शिक्षा के महत्व को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी।

## अवैध रूप से 8 नग गौवंश का तस्करी करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**गरियाबंद।** मंगलवार को थाना प्रभारी फिंगेश्वर को प्रार्थी चुमेन्द्र साहू द्वारा सूचना मिला की एक वाहन क्रमांक टाटा 407 सीजी 23 एफ 1590 में तीन व्यक्तियों के द्वारा 8 नग गौवंश को उड़ीसा टेंगनाबास की ओर ले जा रहे है।इस सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा अपनी टीम तैयार कर प्रार्थी द्वारा दिये सूचना के आधार पर बताये स्थान पहुच घेरा बंदी कर वाहन टाटा 407 क्रमांक सीजी 23 एफ 1590 को रोक वाहन का निरीक्षण करने पर 8 नग गौवंश को बिना चारे पानी के परिवहन करते पाये गये।आरोपियों के पूछताछ किये जाने पर अवैध धन अर्जित करने के उद्देश्य से मवेशियों को उड़ीसा टेंगनाबास की ओर लेजाना स्विकार किये।

## दुपहिया चोर पकड़ाया, तीन बाईक बरामद

**दुर्ग।** दुर्ग जिले की थाना बोरी पुलिस ने मोटरसायकल चोर को गिरफ्तार किया है तथा उसके कब्जे से तीन मोटरसायकल बरामद किया है। आरोपी मोटर सायकलों का नम्बर प्लेट बदलकर उपयोग कर रहा था। दुर्ग पुलिस द्वारा जिले में चलाई जा रही लावारिस वाहन एवं चोरी की गई वाहनों को सशक्त एप्प के माध्यम से सर्च कर गठित टीम के द्वारा लगातार चोरी गए वाहनों एवं आरोपियों की पता तलाश की जा रही है, इसी क्रम में वाहन चेकिंग के दौरान थाना बोरी पुलिस के द्वारा थाना बोरी के अपराध क्रमांक 117/2025 धारा 303 बीएनएस के चोरी गए मोटरसाइकिल सीजी 07 एजे 4387 के संबंध में संदेही मोटरसाइकिल पैशन प्रो क्रमांक सीजी 07 बीए 3846 के चालक विष्णु ठाकुर निवासी वार्ड 11 गौरा चौरा चौराहा से पूछताछ करने के दौरान तीन मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 बीजी 5007 मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 एजे 4387 एवं सीजी 07 बीए 3846 को चोरी करना तथा नम्बर प्लेट को बदल कर उपयोग करना बताया उक्त वाहन को आरोपी के कब्जे से बरामद कर कब्जा पुलिस लिया गया तथा आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के पास से तीन बाईक एचएफ डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक सीजी 27 बी 3057, पैशन प्रो मोटर सायकल क्रमांक एमपी 09 क्यू जी 1180 तथा एचएफ डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एजे 4387 बरामद किया है।

# जिले में अगले वर्ष जुलाई से होगा मेडिकल कॉलेज प्रारंभ- कलेक्टर




पत्रकार वार्ता

**कवर्धा (समय दर्शन)।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने और जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की दिशा में लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। जिले में स्वीकृत नया मेडिकल कॉलेज हर हाल में अगले साल जुलाई से प्रारंभ हो जाएगा।

सभाकक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने उक्त बातें कही। उन्होने राज्य शासन द्वारा मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए मिल रही सभी स्वीकृति और प्रगति सहित जिला अस्पताल में लगातार सुविधाएं बेहतर होने की जानकारी दी। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि वर्तमान में जिला अस्पताल कवर्धा में 170 बिस्तरों की सुविधा है, जिसे शीघ्र ही 220 तक अपग्रेड किया जाएगा। ताकि 50 एमबीबीएस सीटों के लिए आवश्यक एनएमसी मानकों को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के लिए 40 एकड़ भूमि आवंटित की गई है और 306 करोड़ रूपए की स्वीकृति भी मिल गई है। टेंडर प्रक्रिया भी हो गई है और शीघ्र ही निर्माण शुरु होगा।

कलेक्टर श्री वर्मा ने पत्रकारों के सभी सवालों का जवाब दिए एवं जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुधार के लिए मिले सुझाव पर अमल लाने के लिए आश्वासन भी दिए। कलेक्टर ने शिकायतों की जांच कराने के लिए कहा। पत्रकार वार्ता में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेंद्र तुर्रे एवं सिविल सर्जन डॉ. केशव ध्रुव एवं डीपीएम श्रीमती अनुपमा तिवारी उपस्थित थीं।

कलेक्टर वर्मा ने बताया कि जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। जिसके परिणाममूलक जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2024-25 में औसतन 478 मरीज प्रतिदिन ओपीडी में आ रहे थे, जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर 563 हो गए हैं। इसी प्रकार भर्ती मरीजों की औसत संख्या 30 से बढ़कर 40 प्रतिदिन हो गई है। मेडिसिन, सर्जरी, आर्थोपेडिक, नेत्र, ईएनटी, स्त्री एवं प्रसूति, डेंटल, फिजियोथेरेपी, मानसिक स्वास्थ्य, कीमोथेरेपी, डायलिसिस, शिशु रोग, एनआरसी एवं एसएनसीयू जैसे विभागों की सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं।

कलेक्टर ने रेडियोलॉजी विभाग में सीटी स्कैन सेवा शुरू होने को एक बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि जुलाई 2025 से प्रारंभ इस सुविधा के अंतर्गत अब तक 190 से अधिक मरीजों की जाँच हो चुकी है। इसके अलावा प्रतिमाह औसतन 1200 एक्स-रे, 750 अल्ट्रासाउंड और 32 हजार से अधिक पैथोलॉजी टेस्ट किए जा रहे हैं।

**1400 प्रसव में से 568 सिजेरियन हुए-** कलेक्टर ने बताया कि डायलिसिस विभाग में 6 मशीनों से प्रतिमाह लगभग 380 मरीजों का उपचार किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 के अप्रैल से अगस्त तक 1403 प्रसव दर्ज किए गए हैं, जिनमें 568 सिजेरियन ऑपरेशन शामिल हैं। अगस्त माह में 345 प्रसव हुए, जो जिला अस्पताल कवर्धा के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक है।

**पांच माह में 1272 यूनिट रक्त उपचार में लगा-** कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने कहा कि जनवरी से अगस्त 2025 तक 243 साँप काटने के मरीजों का सफल उपचार किया गया है। नियमित स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से कैंसर, सोनोग्राफी और सिकल सेल जाँच भी लगातार हो रही है। ब्लड बैंक में अप्रैल से अगस्त 2025 तक 1298 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया और 1272 यूनिट रक्त मरीजों के उपचार हेतु उपयोग किया गया।

# पीएम की दिवंगत मां के लिए की टिप्पणी के विरोध में भाजयुमो ने फूंका राहुल पुतला

### देश की राजनीति में कांग्रेस का पतन तय- सांसद

**कवर्धा (समय दर्शन)।** बिहार में इंडी गठबंधन की ओर से निकाली जा रही वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी दिवंगत मां के लिए राहुल गांधी द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में सोमवार को प्रदेश भाजपा के आव्हान पर जिला भाजयुमो अध्यक्ष मनीराम साहू के नेतृत्व में जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित सिग्रल चौक में भाजयुमो कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने राहुल का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान क्षेत्रीय सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर पूरे प्रदेश और देश में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि देश की राजनीति में कांग्रेस के पतन का दौर है। कांग्रेस नेता राहुल कहते हैं कि वे नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान चला रहे हैं। लेकिन आज उनके द्वारा प्रधान मंत्री मोदी की दिवंगत माता के विरूद्ध की गई टिप्पणी से पूरे देश की माताएं आहत हैं। इससे पूर्व भी कांग्रेस ने मौत के सौदागर, मोदी चोर है, चोकीदार है चोर है जैसी अभद्र भाषा प्रयोग किया है। जो निंदनीय और दण्डीय है जिसकी भाजपा पुरजोर विरोध करती है।

भाजयुमो के जिलाध्यक्ष मनीराम साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और उनकी दविंगत मां के विरुद्ध की गई टिप्पणियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। कांग्रेस समेत सभी दोषी दलों को इसके लिए माफी मांगनी होगी। श्री साहू ने कहा कि राहुल और तेजस्वी यादव किस तरह से महिलाओं का सम्मान करते हैं, यह बात उनकी यात्रा से सामने आ गई। मंच से प्रधानमंत्री का नाम लेकर उनकी दिवंगत मां के नाम पर अपशब्द बोले गए। राजनीति में पार्टी एक दूसरे से मतभेद रखती हैं पर किसी महिला को गाली देने का अधिकार नहीं है। इससे पता चलता है कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव महिलाओं के सम्मान को लेकर कितने सजग हैं। उन्हें देश के सामने आकर माफी मांगनी चाहिए। मनीराम साहू ने कहा कि यात्रा के दौरान जिस ढंग से अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जा रहा है, उससे पता चलता है कि कांग्रेस के युवराज के आचरण में अब संस्कार नहीं बचे हैं।


### नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता श्रीमती सत्यभामा साहू पति रोहित कुमार साहू निवासी-वार्ड नं. 09 नेहरू नगर उतई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. की निवासी हूँ, मेरे पुत्र विकास साहू का जन्म दिनांक 20/12/2010 जन्म स्थान वार्ड नं. 09 नेहरू नगर उतई दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) में हुआ है जिसका जन्म प्रमाण पत्र रजिस्ट्रार जन्म / मृत्यु नगर पंचायत उतई जिला दुर्ग (छ.ग.) से जारी हुआ है जिसका पंजीकरण संख्या 666 पंजीकरण दिनांक 13/07/2012 है। उक्त जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम सत्यभामा दर्ज है जो अधूरा नाम है। उक्त जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम सही व वास्तविक नाम सत्यभामा साहू दर्ज कर जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहती हूँ। अतः शपथपत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

### कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई

क्र/ वाहन/न.नि./2025/604/206 — भिलाई, दिनांक 29.08.2025

**// निविदा सूचना //**

आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से निर्मात्री संस्थान/ अधिकृत संधारणकर्ता/ स्थानीय संधारकर्ता से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा लागत (रूपए में) | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | जोन 04 को आबंटित टैंकर क्रमांक 03 का संधारण कार्य। | 1,43,850.00 | 22/09/2025 |

टीप: नियम शर्तो एवं मापदंड की जानकारी कार्यपालन अभियंता (वाहन) के कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईड www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाइड www.uad.cg.gov.com एवं चिप्स की वेबसाईड eproc.cgstate.gov.in से देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि./ यां.) संभाग दुर्ग

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

ज्ञाप क्र. 5839 / नि.प्र. क्र. 09/लो.नि.वि./ 2025-26 — दुर्ग, दिनांक 29/08/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य का विद्युतीकरण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :-08/09/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :-15/09/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :-16/09/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो या अधोहस्ताक्षरकर्ता शासकीय दौरे पर हो तो निविदा आगामी कार्य दिवस मे खोली जावेगी।

| स.क्र./ निविदा क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| (1) T0073 | General Annual E/F Repair work in N.R.B. of PWD (E/M) Sub Division, Bemetara (District Administration Building) (2nd Call) | 2.50 Lacs |
| (2) T0074 | Maintenance work of AC, Fridge, Water Cooler, Pump & Fan Rewinding in R.H. & C.H. under PWD (E/M) Sub Division, Bemetara (2nd Call) | 1.00 Lacs |
| (3) T0075 | Annual Repair Maintenance Work of AC, Fridge, Water Cooler, Pump & Fan Rewinding under PWD (E/M) Sub Division, Bemetara (2nd Call) | 1.00 Lacs |
| (4) T0076 | E/F work for Annual Maintenance of N.R.B. of District Administration under PWD (E/M) Sub Division, Balod (2nd Call) | 2.41 Lacs |
| (5) T0077 | E/F work for Annual Maintenance of AC, Fridge, water cooler, Pump & Fan Rewinding under PWD (E/M) Sub Division Balod (2nd Call) | 1.50 Lacs |
| (6) T0078 | E/F work for Annual Maintenance of N.R.B. of District Administration under PWD (E/M) Sub Division, MMAC (2nd Call) | 2.41 Lacs |
| (7) T0079 | E/F work for O.M. of AC, Fridge, water cooler, Pump & Fan Rewinding of R.H. under PWD (E/M) Sub Dn., MMAC (2nd Call) | 1.80 Lacs |
| (8) T0080 | E/F work for Annual Maintenance of AC, Fridge, water cooler, Pump & Fan Rewinding under PWD (E/M) Sub Dn., MMAC (2nd Call) | 1.50 Lacs |
| (9) T0092 | E/F work for Annual Maintenance of R.B. under PWD (E/M) Sub Division, Durg (2nd Call) | 7.50 Lacs |
| (10) T0093 | E/F work for Annual Maintenance of AC, Pump & Fan Rewinding under PWD (E/M) Sub Division, Durg (2nd Call) | 2.00 Lacs |
| (11) T0094 | E/F work for A.R. work To N.R.B. Admistrative Buildings under PWD (E/M) Sub Division, KCG (2nd Call) | 2.00 Lacs |
| (12) T0095 | E/F work for A.R. work of A.C., Fridge, Water Cooler, Pump & Fans Rewinding to R.H. Buildings under PWD (E/M) Sub Division, KCG (2nd Call) | 2.00 Lacs |
| (13) T0096 | E/F work for A.R. work Of A.C., Fridge, Water Cooler, Pump & Fans Rewinding under PWD (E/M) Sub Division, KCG (2nd Call) | 2.00 Lacs |
| (14) T0097 | Providing A.R. work To N.R.B. Admistrative Buildings under PWD (E/M) Sub Division, Rajnandgaon (2nd Call) | 2.00 Lacs |
| (15) T0098 | Providing A.R. work Of A.C., Fridge, Water Cooler, Pump & Fans Rewinding Other N.R.B. under PWD (E/M) Sub Division, Rajnandgaon (2nd Call) | 2.00 Lacs |
| (16) T0099 | Providing O.M. of Electrical item in District-Administration Buildings under PWD (E/M) Sub Dn., Kawardha (2nd Call) | 2.00 Lacs |
| (17) T0100 | Providing O.M. of A.C., Fridge, R.O., Water cooler, Pump & Fan Rewinding under PWD (E/M) Sub Division, Kawardha (2nd Call) | |

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट **www.cg.nic.in/pwdraipur** में **Live Tender** के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है। निविदा संबंधी अन्य शर्तो का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।
टीपः- (1) आबंटन प्राप्त होने पर ही देयक का भुगतान किया जायेगा।

जी- 252603177/3

कार्यपालन न अभियंता अभियंता
लोक निर्माण विभाग (कि. मी.) संभाग दुर्ग

### नाम परिवर्तन

मैं उमा माहेश्वरी (**Uma Maheshwari**) उम्र 65 वर्ष पति- रमेश कुमार माहेश्वरी, निवासी बी-1, 101 महावीर एसोसिएट, वॉर्ड 36, शनि मंदिर मार्ग, बांधा तालाब गंज पारा, दुर्ग, छत्तीसगढ़ - 491001, मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में मेरा नाम उमा माहेश्वरी (**Uma Maheshwari**) दर्ज है। मेरे भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयर सर्टिफिकेट फोलियो क्रमांक एस बी 2273544 में मेरा नाम सौ उमा रमेशचंद्र भूतड़ा (**SOW UMA RAMESHCHANDRA BHUTADA**) दर्ज है। मेरे द्वारा अपना पुराना नाम सौ उमा रमेशचंद्र भूतड़ा (**SOW UMA RAMESHCHANDRA BHUTA-DA**) को त्याग कर वर्तमान में अपना नया नाम उमा माहेश्वरी (**Uma Maheshwari**) रख लिया है।
मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड में दर्ज मेरा नाम उमा माहेश्वरी (**Uma Maheshwari**) तथा मेरे भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयर सर्टिफिकेट में दर्ज मेरा नाम सौ उमा रमेशचंद्र भूतड़ा (**SOW UMA RAMESHCHANDRA BHUTADA**) यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात मेरे नाम है। मेरे शेयर सर्टिफिकेट तथा सभी शासकीय एवं अर्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम सौ उमा रमेशचंद्र भूतड़ा (**SOW UMA RAMESHCHANDRA BHUTADA**) से बदलकर उमा माहेश्वरी (**Uma Maheshwari**) दर्ज करने तथा पढ़ा एवं समझे जाने के समर्थन में मेरे द्वारा यह शपथ पत्र प्रस्तुत हैं।

**शपथकर्ता**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202507104500038

विषयः- अ-6
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**
सनः- 2024-2025
बोदल प.ह.न. 00027 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार- टेमनलाल,
अनावेदक पक्षकार -योगेश,

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम बोदल प.ह. नं. 27 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक टेमनलाल अन्य 03 सभी पिता गणेश निवासी ग्राम फेकारी तहसील पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम बोदल प.ह.नं. 26 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित आवेदकगण एवं अनावेदक योगेश पिता गणेश के शामिलात खाते में दर्ज भूमि खसरा नंबर 348 रकबा 0.23 हे. कृषि भूमि को काश्तकारी कब्जा के आधार पर खाता विभाजन किये जाने हेतु एवं राजस्व अभिलेख दुरुस्त किये जाने तथा आवेदकगण एवं अनावेदक का पृथक से ऋण पुस्तिका बनाये जाने का आदेश प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 15/09/2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/08/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**पाटन, जिला- दुर्ग**

### नाम परिवर्तन

मैं अंजली अहिरवार (**ANJALI AHIRWAR**) उम्र- 29 वर्ष पिता अधारी लाल चौधरी निवासी फ्लैट न 401, ब्लॉक सी/2, नियर शिव मंदिर, लक्ष्मी नगर ग्रीन सिटी, रिसाली, भिलाई, सिविक सेंटर भिलाई, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 490006, मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में मेरा नाम अंजली अहिरवार (**ANJALI AHIRWAR**) दर्ज है। मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में एवं मेरे वोटर आईडी में मेरा नाम अंजली (**ANJALI**) दर्ज है। मेरे द्वारा अपना पुराना नाम अंजली अहिरवार (**ANJALI AHIRWAR**) एवं अंजली (**ANJALI**) को त्याग कर अपना नया नाम अंजली चौधरी (**ANJALI CHOUDHARI**) रख लिया है तथा वर्तमान में मुझे मेरे नए नाम अंजली चौधरी (**Anjali Choudhari**) से ही जाना एवं पहचाना जाता है। मेरे द्वारा अपने आधार कार्ड तथा अन्य शासकीय/ अर्धशासकीय दस्तावेजों में अपना नाम अंजली अहिरवार (**ANJALI AHIRWAR**) एवं अंजली (**ANJALI**) से बदलकर अपना नाम अंजली चौधरी (**ANJALI CHOUDHARI**) पिता अघारी लाल चौधरी (**ADHARILAL CHOUDHARI**) दर्ज करने तथा पढ़ा एवं समझे जाने के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूं।

**शपथकर्ता**

### नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता रंजू (**Ranju**) पति- पति राजेंद्र कुमार उम्र 50 वर्ष निवासी मकान क्रमांक 44 वार्ड क्रमांक 3, यादव पाराअहिवारा तहसील अहिवारा जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ 490036 में निवासरत हूं, मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रंजू (**Ranju**) दर्ज है। मेरे हक एवं स्वामित्व की भूमि जो की स्थान ग्राम रायपुर पटवारी हल्का नंबर 62 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 12 रायपुर तहसील एवं जिला रायपुर छत्तीसगढ़ में खसरा क्रमांक-1395/4 रकबा 0.1210 हेक्टेयर पर स्थित है उसके राजस्व अभिलेख के दस्तावेजों में मेरा नाम कुमारी नम्रता (**KUMARI NAMRATA**) दर्ज है। मेरे द्वारा अपने आधार कार्ड का नाम रंजू (**Ranju**) तथा अपने भूमि के दस्तावेज में दर्ज नाम कुमारी नम्रता (**KUMARI NAMRATA**) को त्याग कर अपना नाम नम्रता (**NAMRATA**) रख लिया है तथा भविष्य में मुझे मेरे नए नाम नम्रता (**NAMRATA**) से ही जाना एवं पहचाना तथा पुकारा जाता है। मेरे द्वारा अपने आधार कार्ड तथा अपने हक एवं स्वामित्व की भूमि के राजस्व अभिलेख के दस्तावेज में तथा अपने सभी अर्धशासकीय तथा शासकीय दस्तावेजों में अपना नाम रंजू (**Ranju**) तथा कुमारी नम्रता (**KUMARI NAMRATA**) से बदलकर अपना नया नाम नम्रता (**NAMRATA**) दर्ज करवाना चाहती हूं इसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूं।

**शपथकर्ता**

### नाम परिवर्तन

मैं विजेंद्र कुमार (**Vijendra Kumar**) पिता - हृदय लालू सूर्यवंशी (**Hridaya Lal Suryawanshi**), उम्र - 43 वर्ष, निवासी - 42/3ए, 4ए मैत्री नगर रिसाली, सिविक सेंटर भिलाई, दुर्ग, छत्तीसगढ़ - 490006 का निवासी हूं, मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में मेरा नाम विजेंद्र कुमार (**Vijendra Kumar**) पिता- हृदय लालू सूर्यवंशी (**Hridaya Lal Suryawanshi**) दर्ज है । मेरी पत्नी सृष्टि सूर्यवंशी के पासपोर्ट में मेरा नाम विजेंद्र कुमार सूर्यवंशी (**VIJENDRA KUMAR SURYAWANSHI**) दर्ज है। मेरे द्वारा अपना पुराना नाम विजेंद्र कुमार सूर्यवंशी (**VIJENDRA KUMAR SURYAWANSHI**) को बदलकर अपना नाम विजेंद्र कुमार (**Vijendra Kumar**) रख लिया है तथा वर्तमान में मुझे मेरे नए नाम विजेंद्र कुमार (**Vijendra Kumar**) से जाना एवं पहचाना जाता हैं। मेरे सभी शासकीय और अशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम विजेंद्र कुमार सूर्यवंशी (**VIJENDRA KUMAR SURYAWANSHI**) से बदलकर विजेंद्र कुमार (**Vijendra Kumar**) दर्ज कर पढ़े एवं समझे जाने के संबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

### !! न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग छ.ग.!!

**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण ब/121
वर्ष 2025

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री विजय यादव आ. हरेराम यादव निवासी मुड़पार तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरे पुत्र तक्ष पिता विजय यादव का जन्म दिनांक 17.10.2022 को ग्राम मुड़पार प.ह.न.- तहसील पाटन जिला दुर्ग में जन्म होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक श्री विजय यादव आ. हरेराम यादव निवासी मुड़पार तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 15/09/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01/09/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी।
जारी दिनांक 01/09/2025
सुनवाई दिनांक 15/09/2025

मुहर

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## संक्षिप्त-खबर

### उर्वरक दुकानों मे अनियमितता पाए जाने पर पांच उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी



**बसना( समय दर्शन )।** महासमुंद कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में प्रभारी उप संचालक कृषि भीमराव घोडेसवार एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ब्रजेश तुरकाने पिथौरा, श्रीमती उषा कांती खेश वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बसना द्वारा विकासखंड बसना एवं पिथौरा के उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित फर्म राजा बीज भंडार सांकरा, खत्री बीज भंडार सांकरा, सिन्हा कृषि केन्द्र पिथौरा, नायक कृषि केन्द्र सागरपाली, श्री किसान कृषि केन्द्र भूकेल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संबंधित फर्म में पी.ओ.एस. स्टाक एवं भौतिक स्टॉक में अंतर पाया गया। इसके अलावा संबंधित फर्म द्वारा मासिक प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराने के कारण संबंधित फर्मों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 03 दिवस के भीतर जवाब मांगा गया है। जवाब प्राप्त होने के पश्चात् आगे की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कृषकों से अपील की है कि कृषक बिल लेकर ही उर्वरक का विक्रय करें एवं कालाबाजारी की शिकायत पाए जाने पर संबंधित विकासखण्डों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से संपर्क करें।

### सांतरा में पोषण माह के तहत गर्भवती माता और सास बहु सम्मेलन का आयोजन



**पाटन।** ग्राम सातरा सेक्टर सातरा महिला बाल विकास विभाग, परियोजना पाटन में जिला महिला बाल विकास अधिकारी अजय साहू के निर्देशन और आतिथ्य में आज पोषण माह कार्यक्रम के तहत् ﷺगर्भवती माता और सास द्घबहू सम्मेलन और पोषण मेलाﷺ का आयोजन किया गया। ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला महिला बाल विकास अधिकारी श्री अजय कुमार शाहू सर , पर्यवेक्षक श्रीमती नम्रता तिवारी, सरपंच ज्योति चंद्राकर ,पंचगण योगिता साहू, टेमीन चंद्राकर,अखिल सवध अजय वर्मा और मीना शर्मा, शीला रानी, लता साहू, नर्मदा साहू, उर्मिला, लोहेश्वरी आंगनबाड़ी की कार्यकर्ताएं उपस्थित थे । श्री अजय साहू सर द्वारा गर्भावस्था के दौरान होने वाली खून की कमी के कारण,प्रभाव और निदान,पोषण स्वास्थ्य और गर्भावस्था के दौरान स्वयं माता के साथ साथ परिवार विशेषकर सास की भूमिका , रेडी टू ईट का महत्व और उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई । पोषण माहद्वपोषण मेला के तहत् 5 गर्भवती माताओं की गोदभराई करवाई गई और पोषण और गोदभराई का आपसी सम्बन्ध की जानकारी पर्यवेक्षक नम्रता तिवारी द्वारा दी गई और व्यंजन प्रदर्शनी किया गया।

### कुर्मी समाज अपने समाज के अलावा अन्य समाज के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने कर रहे हैं प्रोत्साहित




**पाटन।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज पाटन राज महिला कार्यकारिणी द्वारा तीजा मिलन एवं विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया था इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत पाटन उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा ने अपने पिता स्वर्गीय थान सिंह वर्मा माता स्वर्गीय चंदा वर्मा की स्मृति में केसरा स्कूल मे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए विद्या यादव और 12वीं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विधि सिन्हा को प्रतीक चिन्ह और 7500 नगद राशि साथ ही दसवीं में द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्णे मनीषा निषाद और 12वीं में द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण सरिता और नेहा साहू को 5000 नगद और प्रतीक चिन्ह मुख्य अतिथि पूर्व राज्य सभा सांसद छाया वर्मा विशेष अतिथि समाज सेविका राजेस्वरी वर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा राज प्रधान पाटन राज युगल आडिल राज प्रधान बलौदाबाजार सुनीता वर्मा राज प्रधान धमधा राज सत्यभामा परगनीहा महिलाध्यछ पाटन राज रंजना वर्मा महिलाध्यछ तिल्दा राज रश्मि वर्मा महिलाध्यछ धरसींवा राज उषा वर्मा महिलाध्यछ पलारी राज परमेस्वरी वर्मा महिलाध्यछ साधना वर्मा दुर्ग राज महिलाध्यछ गायत्री वर्मा धमधा राज महिलाध्यछ ईश्वरी वर्मा बलौदाबाजार महिलाध्यछ मंजू धुरंधर रायपुर राज और उपस्थित अतिथि द्वारा सम्मानित कर मनोबल बढ़ाया गया

# कमला कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस पर विविध आयोजन

**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नीता एस. नायर द्वारा मेजर ध्यानचंद की जीवनी एवं राष्ट्रीय खेल दिवस मनाए जाने के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए की गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए मेजर ध्यानचंद की खेल उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बताते हुए छात्राओं से अपील की कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में खेलों में भाग लें और अपना सर्वांगीण विकास करें।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. हरप्रीत कौर गरचा ने खेलों के माध्यम से व्यक्तित्व विकास पर जोर दिया, वहीं क्रीड़ा समिति के संयोजक डॉ. जयसिंग साहू ने खेलों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की चर्चा की।



कार्यक्रम के दौरान तीरंदाजी के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए राहुल साहू को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। क्रीड़ाधिकारी डॉ. नायर ने बताया कि महाविद्यालय की कई छात्राएं उनके प्रशिक्षण में प्रतिवर्ष अखिल भारतीय खेल प्रतियोगिताओं में हेमचंद यादव विश्व विद्यालय, दुर्ग का प्रतिनिधित्व करती आ रही हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। इनमें बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कु. चांदनी को राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय बीच कबड्डी प्रतियोगिता में प्रदर्शन हेतु, बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा कु. अंजली निषाद को राष्ट्रीय पर्वतारोहण कैम्प में सहभागिता के लिए तथा कु. संध्या नेताम को टीसीएस कैम्प, नई दिल्ली में भागीदारी के लिए प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं के मध्य कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें उत्साहपूर्वक भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीता एस. नायर ने किया। इस अवसर पर कबड्डी कोच श्री ललित साहू, योग शिक्षक खिलेन्द्र सोनी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# शास उ मा वि बेमचा के 16 खिलाड़ी राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता जशपुर में होंगे शामिल

■ नेहरू हॉकी में बेमचा के 17 वर्ष बालक टीम जशपुर के लिए रवाना

**महासमुन्द( समय दर्शन )।** राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन जशपुर में 04 से 07 सितंबर 2025 तक आयोजित किया जाना है।

इस आयोजन में महासमुंद जिले की 17 वर्ष बालक टीम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा महासमुंद की टीम संभाग विजेता बनकर क्वालीफाई किया। जिले से हॉकी 17 वर्ष बालक टीम के खिलाड़ियों में शासकीय उ. मा. वि. बेमचा महासमुंद के राकेश निषाद, पुष्कर साहू, डोगेश निषाद, फ्लेश यादव, गणेश सेन, राजकुमार निषाद, देवेश कुमार चंद्राकर, सागर सेन, टोमेश चंद्राकर, सागर चंद्राकर, जय चंद्राकर, देवेंद्र ध्रुव, हर्ष कुमार बघेल, अरविंद विश्वकर्मा, प्रभात कोसरे, सेवक राम विश्वकर्मा शामिल हैं। जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरें ने सभी खिलाड़ियों को स्वास्थ्य अच्छे रखने एवं जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए बेहतर प्रदर्शन करने शुभकामनाएं दीं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित ग्रामीण क्षेत्र खेल अभ्यास योजना अंतर्गत विद्यालय को हॉकी



खेल उपकरण प्रदाय किया गया है। जिसके माध्यम से नियमित खेल अभ्यास हो रहा हैं। विद्यालय के हॉकी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए संभाग विजेता बनने एवं राज्य प्रतियोगिता में शामिल होने का गौरव प्राप्त किया। राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में शामिल होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरें, खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिना ढालेन, प्राचार्य बेमचा एस. आर. पाटकर, लखनू राम निर्मलकर, डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, पी के ध्रुव, वाय एस बलिहार, नवीन चन्द्राकर, तुलेंद्र सागर, किरण पटेल, तारिणी कहार, कुन्ती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, आराधना साहू, रुक्मणी साहू, टाकेश्वर साहू, तृप्ति डेनियल, शहनाज बानो, हेमिन जलक्षत्री, खेमराज साहू, रेणु सिंह एवं समस्त व्यायाम शिक्षक डॉ सुनील कुमार भोई, अंजनी साहू, इंद्राणी भास्कर आदि, जिला हॉकी संघ पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# रजत जयंती उत्सव के उपलक्ष्य में हुआ क्विज प्रतियोगिता




**बसना ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद विजय कुमार लहरे के आदेशानुसार विकासखंड शिक्षा अधिकारी बसना विनोद शुक्ला, विकासखंड स्रोत समन्वयक बद्री विशाल जोल्हे एवं सहायक विकास एवं शिक्षा अधिकारी लोकेश्वर सिंह कंवर के मार्गदर्शन में शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला बिछिया (पो) में हर्षोल्लास के साथ छत्तीसगढ़ गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती उत्सव धूमधाम से मनाया गया द्य

दिवसवार उसी क्रम में आज क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया द्य छत्तीसगढ़ से संबंधित लगभग 80 प्रश्नों का समावेश किया गया था द्य बच्चे बहुत ही उत्साह पूर्वक प्रश्नों का जवाब देते थे द्य बच्चों को दो दल में बांट दिया गया थाद्य एक वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई दल और एक महाकवि कालिदास दल का नामकरण किया गया द्य क्विज कंपटीशन में कक्षा तीसरी से पाँचवी तक के विद्यार्थी भाग लिए थे द्य रानी लक्ष्मीबाई दल ने 40त्न प्रश्नों के जवाब दे पाए एवं महाकवि कालिदास दल के विद्यार्थी 60त्न प्रश्नों के जवाब दिएद्य इसी तरह महाकवि कालिदास दल प्रथम स्थान पर विजयी घोषित हुआ द्य क्विज कंपटीशन के सफ्ल संचालन के लिए प्राथमिक शाला प्रधान पाठक अभिषेक कर के संरक्षण पर सहायक शिक्षक सुशील प्रधान के मार्गदर्शन में एवं ग्राम पंचायत बिछिया द्वारा नियुक्त शिक्षा सहयोगी के रूप में कार्यरत सुश्री भाग्यवंती यादव, सुश्री दिलेश्वरी दीप एवं बैद्यनाथ बंजारा के सहयोग से कार्यक्रम का सफ्ल संचालन हुआ द्य कार्यक्रम के सफ्ल संचालन के लिए उच्च प्राथमिक विभाग से प्रभारी प्रधान पाठक रामनाथ साव एवं समस्त शिक्षक ने हर्ष व्यक्त किये द्य आगामी दिनों में इस तरह का कार्यक्रम सामान्य ज्ञान से सम्बंधित कराने हेतु प्रेरित किये द्य

# अथगवा कमेटी गढ़बेड़ा के अध्यक्ष रामप्यरे मधुकर बने

**पिथौरा ( समय दर्शन )।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज विकास खण्ड पिथौरा अंतर्गत नवीन अठगवाँ कमेटी गढ़बेड़ा का गठन, राजमहन्त पी .एल. कोसरिया प्रदेश प्रवक्ता के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ ।

इस दौरान संत ऋतुदास ने सतनाम रीति नीति के तहत विधि विधान से आरती पूजन करवाए। इस बैठक मे

ब्लाक अध्यक्ष तरुवर कोसरिया, जिला प्रतिनिधि संजय कोसरिया, प्रियरंजन कोसरिया सरपंच लाखगढ,सत्यकुमार जोशी नगर अध्यक्ष, ब्लाक उपाध्यक्षरामेश्वर सोनवानी , घासीराम मिरी,सचिव राजेन्द्र मार्कण्डेय ग्राम समिति के अध्यक्ष बिसाहू राम की विशेष उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुआ ।

अठगवाँ कमेटी गढ़बेड़ा में कुल 14 ग्रामों को सम्मिलित किया गया है और सभी ग्रामो के सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे और गठन/,मनोनयन/निर्वाचन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। सर्व सम्मति से अध्यक्ष पद के लिए रामप्यारे मधुकर, उपाध्यक्ष पद के लिए, केशव बंजारे,ताराचंद चेलक,महेंद्र रात्रे बिमला घृतलहरे, सचिव नंद कुमार सोनवनी, सहसचिव सहदेव घृतलहरे, कोषाध्यक्ष नोहर बांधे ,संरक्षक पद के लिए गुलाब बघेल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया साथ ही कार्यकारणी सदस्य के लिए श्रवण बंजारे,होरीलाल रात्रे गितकुमार ,फूलसिंह ,लव कुमार बघेल, बरातूराम, मोहित घृतलहरे मेहतरु गायकवाड़ निर्विरोध निर्वाचित हुए।

ग्राम समिति के अध्यक्ष पद हेतु बिसाहूराम बघेल,सचिव सहदेव घृतलहरे, उपाध्यक्ष नंदराय रॉव, मोहित गृतलहरे



सहसचिव नेतराम मन्नाडे, कोषाध्यक्ष रामप्यारे मधुकर, सह कोशाध्यक्ष मेहतरु गायकवाड़, संरक्षक गुलाब बघेल श्रवण बघेल निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

अथगवा कमेटी युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष के लिए मनीष गृतलहरे, सचिव बोधराम गृतलहरे चयनित किया गया।उपस्थित जनसमूह को राजमहन्त पी एल कोसरिया ने संबोधित करते सतनामी समाज के अतीत और आज समाजीक रीतिनीति गिरौदपुरी विकास की कहानी के अठगवाँ कमेटी कार्य दायित्व की विस्तार से जानकारी प्रदान करते युवा पीढ़ी व समाज को नशा पान, मंशा मंदिरा से दूर रहने अपील किया।

सभा को ब्लाक अध्यक्ष तरुवर कोसरिया ने संबोधित करते संगठन के रचनात्मक कार्य की जानकारी दिया साथ ही प्रतिभावान छात्र छात्राओं को मदद करने की बात कही। जिला प्रतिनिधि संजय कोसरिया ने कहा सतनामी समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है हमें किसी से कम नहीं समझना चाहिए ।

सतनामी समाज के लोग अनेक विधा में पारंगत है।

प्रियरंजन कोसरिया ने सामजिक विकास हेतु सामाजिक एकता पर जोर दिया ।

रामेश्वर सोनवानी ने गुरु घासीदास बाबा के उपदेश व डॉ भीमराव आंबेडकर की सर्व समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया। सभा के समापन के बाद प्रदेश सह सचिव दिनेश बंजारे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एस आर बंजारे, जिला प्रभारी मधुबाला रात्रे , जिलाअध्यक्ष विजय बंजारे ,युवा प्रकोष्ठ के सोनू टंडन, ने उपस्थिति प्रदान कर नव निर्वाचित प्रतिनिधियों में हौसला व उत्साह वर्धन करते हुए फुल माला पहनाकर बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित किया।

संगठन की नियमावली सकभेई संत समाज को बारे जानकारी प्रदान किया। सभा मे ब्लाक व जिला तथा प्रदेश के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सभा का सफ्ल संचालन व आभार प्रकट अठगवाँ अध्यक्ष रामप्यारे मधुकर ने किया।

# पाटन के पेट्रोल पंपों में कलेक्टर का फरमान बेअसर, पेट्रोल पंप में बगैर हेलमेट के दिया जा रहा पेट्रोल



**बलराम यादव/पाटन।** दुर्ग कलेक्टर द्वारा 1 सितंबर से जिला के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिया गया है कि बिना हेमलेट के बाइक सवार को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। लेकिन पाटन ब्लॉक के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के पेट्रोल पंप में कलेक्टर का निर्देश बेअसर दिख रही है। पाटन के कुछ पेट्रोल पंप को छोड़ दे तो लगभग सभी पेट्रोल पंप में बाइक वालों को बिना हेलमेंट के पेट्रोल दिया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश का पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है। आज पाटन के एक पेट्रोल पंप में बिना हेमलेट के पेट्रोल देते देखे गए। यही नहीं यहां पर पानी बोतल में भी पेट्रोल दिए जा रहे थे। पाटन नगर में तीन पेट्रोल पंप है वही ग्रामीण क्षेत्र में जामगांव एम, जामगांव आर , गाड़ाडीह, रानीतराई सहित सांकरा, अमलेश्वर, मोतीपुर सहित अन्य जगह पेट्रोल पंप संचालित है। यह भी बता दे कि कलेक्टर के निर्देश के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा मानिटरिंग भी नहीं किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि पेट्रोल पंप के संचालकों द्वारा मनमानी की जा रही है।

# रामदेव बाबा के भादवा मेला के अंतिम दिन दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

■ हवनकुंड में नारियल अर्पित कर श्रद्धालुओं ने मनोकामना पूर्ण करने की प्रार्थना

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** श्री रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर पुलगांव नाका में आयोजित 10 दिवसीय भादवा मेला के अंतिम दिन मंगलवार को दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ जुटी। दरबार में सुबह महाआरती व हवन पूजन किया गया। इस दौरान भजन-कीर्तन की धुन गुंजायमान रही। जिसके धुन में नाच-गाकर श्रद्धालुओं ने अपनी श्रद्धा-भक्ति प्रकट की, वहीं बापजी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का दिनभर तांता लगा रहा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने हवनकुंड की परिक्रमा की और हवनकुंड में नारियल



अर्पित कर मनोकामना पूर्ण करने प्रार्थना की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि भी दर्शन के लिए श्री रामदेव बाबा दरबार पहुंचे। महापौर अलका बाघमार, पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफ्ना, नगर निगम एमआईसी प्रभारी निलेश अग्रवाल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व पार्षद ऋषभ जैन (बाबू), दुर्ग जिला कैट के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रहलाद रुंगटा, चेयरमैन पवन बड़जात्या, प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव संदीप वोरा, सत्री साहू के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के प्रमुखों ने गुरुदेव सोहनलाल बापजी की शिष्या भक्तमाता शांतादेवी बापजी के दर्शन कर शहरवासियों की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। दोपहर बाद महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया गया। महाप्रसादी ग्रहण कर श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस दौरान श्री रामदेव बाबा दरबार के प्रमुख रमेश कुमार जैन, सुश्री पायल जैन, मनीष जैन, गौरव बजाज, प्रवीण पींचा, गौरव पींचा, गोविंद बजाज, संतोष छाजेड़, आशीष सोनी, दिनेश रुपारेल, राकेश धाड़ीवाल,गौतम धाड़ीवाल, प्रशांत शर्मा,पंकज शर्मा, बंटी पारख, महावीर बाफ्ना, मनीष छाजेड़, नरेश भंडारी, निर्मल रुपारेल, संजू पुरोहित, मोंटी सोनी, गूंजा पींचा के अलावा अन्य सदस्य व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।श्री रामदेव बाबा के भादवा मेला में पूरे 10 दिन दरबार में श्रद्धा-भक्ति का अद्भुत माहौल निर्मित रहा। प्रतिदिन देश व प्रदेश के प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा जम्मा जागरण व भजनों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। इस दौरान श्रद्धालुओं को परचों का लाभ भी मिला। भादवा मेला में प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से भी श्रद्धालू बड़ी संख्या में शामिल हुए। जिससे दरबार में प्रतिदिन शाम से देर रात तक श्रद्धालुओं का मेला लग रहा है।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालयः-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26